# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025


## शासकीय सेवकों को अब केंद्र के समान 55 फीसदी डीए

साय ने किया ऐलान, दो फीसदी का इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के साढ़े चार लाखों कर्मचारियों और अधिकारियों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ने महंगाई भत्ता में 2 प्रतिशत की वृद्धि का ऐलान किया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब प्रदेश के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा, जो केंद्र सरकार के बराबर होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, भारत सरकार में डीए 55 प्रतिशत मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में डीए 53 प्रतिशत दे रहे हैं। आने वाले समय में दिवाली का भी त्योहार ▶▶| शेष पेज 6 पर

### देय तिथि से मिले डीए- मोर्चा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने राज्य के कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 55 प्रतिशत डीए देने की घोषणा पर संजय तिवारी ने कहा, केंद्र के समान डीए तब ही माना जाएगा, जब राज्य सरकार 2 प्रतिशत डीए जनवरी 2025 से एरियर्स के ▶▶| शेष पेज 6 पर


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹72183/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹88160/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹96234/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand® Jewels
Pandri, Raipur

ADMISSION OPEN
नर्सिंग बी.एस.सी
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी
एम.एस.सी
फार्मेसी बी.फार्मेसी
श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स
7222910430/72


# नवा रायपुर में आईटी उद्योगों को सस्ती दरों पर 90 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्री परिषद की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए 90 एकड़ भूमि के भूखंड को रियायती प्रीमियम दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है। इस फैसले का उद्देश्य आईटी क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है। रियायती दर पर भूमि उपलब्ध होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।*

### निजी क्षेत्र की भागीदारी और रोजगार के नए अवसर भी

**होगा यह लाभ भी**

इस पहल से नवा रायपुर में न सिर्फ तकनीकी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यहां की बसाहट और शहरीकरण की प्रक्रिया को भी बल मिलेगा। आईटी कंपनियों की स्थापना से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय निवासियों को भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।



### चार माह का चना बंटेगा एक साथ

मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया है कि राज्य के अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा पॉकेट क्षेत्र में रहने वाले अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हर माह वितरित किए जाने वाले 2 किलो चना की आवश्यक मात्रा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा एनईएमएल ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से खरीदी जाएगी। यह खरीदी वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 0.25 प्रतिशत या इससे कम ट्रांजैक्शन,सर्विस चार्ज पर की जाएगी। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद ने कहा है कि जुलाई 2025 से नवंबर 2025 तक जिन हितग्राहियों ने चना नहीं लिया है, उन्हें पात्रतानुसार यह चना दिसंबर 2025 तक वितरित कर दिया जाए।

# हरिभूमि की खबर पर मुहर...मंत्रिमंडल विस्तार आज, गजेंद्र, खुशवंत और राजेश बनेंगे मंत्री

छत्तीसगढ़ में भारी अटकलों के बाद आखिरकार विष्णु देव साय मंत्रिमंडल का विस्तार तय हो गया है। बुधवार को सुबह 10:30 बजे राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा। भाजपा विधायक दल के सचेतक सुशांत शुक्ला ने पत्र जारी कर इसकी पुष्टि की है। जिसमें तीन भाजपा विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे। तीनों विधायक ने मंगलवार देर शाम सीएम साय से मुलाकात की।


मंत्रिमंडल विस्तार...20 को शपथ लेंगे गजेंद्र, राजेश और गुरु खुशवंत

*राजभवन में आज सुबह 10.30 बजे राज्यपाल दिलाएंगे शपथ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने ही 20 को शपथ होने की सटीक खबर प्रकाशित की थी। साथ ही दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल और आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब नए मंत्री के तौर पर शपथ लेने की जानकारी भी दी थी। शपथ का समय तय होने के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज में तीन नए मंत्रियों के लिए तीन नए वाहन तैयार कर लिए गए हैं। सूत्र बताते है कि मंत्री पद की शपथ लेने वाले तीनों विधायकों को भी आधिकारिक सूचना ▶▶| शेष पेज 6 पर

### विदेश दौरे के पहले मंत्रिमंडल विस्तार

दरअसल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 21 अगस्त को जापान और दक्षिण कोरिया के दौरे पर रवाना हो रहे हैं। सीएम के विदेश दौरे पर जाने के पहले मंत्रिमंडल विस्तार की प्रक्रिया पूरे करने की तैयारी चल रही थी।







### 21 की उम्र में पार्षद बने गजेंद्र दुर्ग की गलियों में पले-बढ़े

गजेंद्र यादव का जन्म 15 जून 1978 को हुआ। उनके पिता बिसराराम यादव राष्ट्रीय स्वयं संघ से आते हैं। संघ के कई उच्च पदों पर वे आसीन रहे। वे राज्य मुख्य आयुक्त स्काऊट -गाइड रह चुके हैं। मुकुंद भवन कचहरी वार्ड उनका निवास रहा। पांचवीं तक की पढ़ाई उन्होंने मारवाड़ी स्कूल से की। मिडिल और हायर सेकंडरी की पढ़ाई मल्टीपरपस स्कूल से की। इसके बाद की पढ़ाई ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सिंहदेव को 94 वोट से हराया था राजेश ने

राजेश अग्रवाल अंबिकापुर से भाजपा के विधायक हैं। विधानसभा चुनाव में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को 94 वोटों से हराया। 2018 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। 2023 में पहली बार विधायक बने। राजेश अग्रवाल व्यवसाय से जुड़े रहे हैं। शुरुआती शिक्षा भोपाल में हुई। उनके पिता का नाम चांदीराम अग्रवाल है। राजेश अग्रवाल के पास कुल 10 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

### उप सरपंच से राजनीतिक जीवन की शुरुआत

अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल का जन्म लखनपुर बाजार पारा में 1967 में हुआ था। उन्होंने लखनपुर से ही अपनी 12वीं तक की शिक्षा हासिल की। राजेश अग्रवाल ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सतनामी समाज के धर्मगुरु और प्रमुख नेता हैं गुरु खुशवंत

*गुरु खुशवंत साहेब आरंग से भाजपा के विधायक हैं। 2023 में मंत्री शिवकुमार डहरिया को हराकर विधायक बने। चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए थे शामिल। उनकी सतनामी समाज में गहरी पकड़ है। वे सतनामी समाज के धर्मगुरु और प्रमुख नेता हैं। गुरु खुशवंत साहेब ने की है एमटेक की पढ़ाई की है। वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय हैं।*

## नए मंत्रियों के लिए सीएम शिक्षा-आबकारी डिप्टी सीएम विजय तकनीकी शिक्षा और साव छोड़ सकते हैं पीएचई

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिमंडल में तीन नए चेहरों के रूप में गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल के नाम होंगे। ये मंत्री कल राजभवन में शपथ ग्रहण करेंगे। कल शाम तक नए मंत्रियों को दिए जाने वाले विभागों की भी घोषणा कर दी जाएगी। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने विभाग कम करेंगे। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद स्कूल एवं उच्च शिक्षा मुख्यमंत्री साय के पास ही है। साथ ही श्री साय के पास आबकारी विभाग भी है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री अपने कुछ विभाग नए मंत्रियों को दे सकते हैं। वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव के कुछ ▶▶| शेष पेज 6 पर





### ऐसा हो सकता है स्वरूप

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास सामान्य प्रशासन, ऊर्जा, खनिज साधन, जनसंपर्क, आबकारी, परिवहन, स्कूल शिक्षा, धर्मस्व और पर्यटन जैसे अहम विभाग हैं। माना जा रहा है कि तीन नए मंत्रियों को इनमें से स्कूल शिक्षा, आबकारी, परिवहन, पर्यटन और धर्मस्व विभाग सौंपे जा सकते हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव के पास अभी पीडब्ल्यूडी, पीएचई, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नेताम और केदार के विभागों में मामूली फेरबदल संभव

रामविचार नेताम के पास आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, साथ ही कृषि विभाग है वहीं, मंत्री केदार कश्यप संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, कौशल ▶▶| शेष पेज 6 पर

### राजेश को आबकारी गजेंद्र को शिक्षा और खुशवंत को पीएचई देने की चर्चा

*सूत्रों के अनुसार राजेश अग्रवाल को वन एवं आबकारी विभाग दिए जाने की संभावना है। वन विभाग फिलहाल मंत्री केदार कश्यप के पास है और आबकारी का जिम्मा मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पास रखा है। वहीं, गजेंद्र यादव को स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और एवं तकनीकी शिक्षा विभाग दिए जा सकते हैं। इनमें से स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा पूर्व में बृजमोहन अग्रवाल के पास थे, उनके इस्तीफे के बाद इन विभागों की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री श्री साय के पास आ गई थी।* ▶▶| शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### 18 लाख महिलाओं ने की निःशुल्क यात्रा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में हाल में शुरू की गई स्त्री शक्ति योजना के तहत सोमवार को 18 लाख से अधिक महिलाओं ने बस में निःशुल्क यात्रा का लाभ उठाया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने 2024 के चुनाव से पहले महिलाओं के लिए बस में निःशुल्क यात्रा योजना का वादा किया था। अकेले सोमवार को 18 लाख से अधिक महिलाओं ने निःशुल्क बस यात्रा का लाभ उठाया।



### बस और वाहन में टक्कर, तीन की मौत

**कपूरथला।** कपूरथला-जालंधर मुख्य मार्ग पर मंडगांव के पास मंगलवार को बस और एक हल्के वाणिज्यिक वाहन के बीच टक्कर हो गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों व्यक्ति जालंधर थोक बाजार से सब्जियां और फल लाने के लिए वाहन में जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद, निवासियों और मृतकों के रिश्तेदारों ने कुछ देर के लिए कपूरथला-जालंधर मुख्य मार्ग पर यातायात अवरुद्ध कर दिया। ये लोग बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे, जो दुर्घटना के बाद फरार हो गया था। बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने का आश्वासन देने पर जाम हटा लिया गया।

### रियलिटी शो विजेता पर चोरी का मामला दर्ज

**कोच्चि।** केरल के बॉडीबिल्डर एवं फिटनेस ट्रेनर तथा लोकप्रिय रियलिटी शो के विजेता जिंटो के खिलाफ एक जिम की मालकिन की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जिंटो ने जिम में जबरन प्रवेश किया। पैसे और कुछ दस्तावेज चुरा लिए। शिकायतकर्ता ने कथित तौर पर सीसीटीवी फुटेज भी दिखाई, जिसमें जिंटो कैमरे और अन्य सामान तोड़ते और दस्तावेज व पैसे चुराते हुआ नजर आ रहा है।



### अभिनेता अच्युत पोद्दार का निधन

**मुंबई।** 'भारत की खोज' और 'वागले की दुनिया' जैसे टीवी शो और '3 ईडियट्स' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले बुजुर्ग अभिनेता अच्युत पोद्दार का अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 साल के थे। अभिनेता अच्युत पोद्दार को कल शाम करीब चार बजे जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पोद्दार ने 'दबंग 2' और 'फेरारी की सवारी' जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों में सहायक लेकिन अविस्मरणीय भूमिकाएं निभाईं। राजकुमार हिरानी की '3 ईडियट्स' (2019) में एक प्रोफेसर की उनकी संक्षिप्त भूमिका थी।

मुख्य आरोपी रहीस लोधी ने रची थी साजिश | रायगढ़ के बैंक में भी ऐसे ही हुई थी लूट

# जबलपुर में 15 करोड़ की डकैती, रायगढ़ जेल में बनीं थी योजना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जबलपुर में हुई 15 करोड़ की सोने की डकैती मामले में छत्तीसगढ़ का बड़ा कनेक्शन सामने आया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि इस डकैती की साजिश रायगढ़ जेल में रची गई थी। मास्टरमाइंड रहीस लोधी जो एनडीपीएस एक्ट में रायगढ़ जेल में बंद था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जेल में ही अपने गिरोह का गठन किया और बाहर आने के बाद वारदात को अंजाम दिया।

जबलपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रहीस लोधी ने रायगढ़ जेल में रहते हुए अपने साथियों का चयन किया। वहीं जेल में रायगढ़ एक्सिस बैंक डकैती कांड के आरोपी बिहार निवासी अपराधी भी बंद थे। लोधी ने इन्हीं से संपर्क कर गिरोह तैयार किया। माना जा रहा है कि जबलपुर डकैती में रायगढ़ बैंक डकैती के आरोपी भी शामिल रहे। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 15 करोड़ की लूट लेकिन बरामदगी बेहद कम

डकैती में करीब 15 करोड़ का सोना लूटा गया था। अब तक मास्टरमाइंड रहीस लोधी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेकिन पुलिस के हाथ सिर्फ 1.80 लाख रुपए की ही बरामदगी लगी है। बाकी का सोना अब भी फरार डकैतों के पास होने का अंदेशा है। हालांकि डकैती में शामिल कई आरोपी अभी फरार हैं। इस गिरोह के तार बिहार और झारखंड तक जुड़े होने की आशंका है।

### रायगढ़ जेल की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

यह मामला एक बार फिर जेलों की सुरक्षा और अंदर की व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। रायगढ़ जेल में बंद रहते हुए इतनी बड़ी साजिश रचना गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। इससे पहले भी कई बार यहां की लापरवाही सामने आ चुकी है। जेल की चारदीवारी के भीतर बड़े अपराध फैक्ट्री तैयार हो रही है।

### डकैती कांड में जेल से रिहा 4 आरोपियों की संलिप्तता

इस पूरे मामले में रायगढ़ जेल से रिहा होने वाले चार आरोपियों की भूमिका प्रमुख मानी जा रही है। रायगढ़ के डकैती कांड में प्रमुख रूप से 8 लोग शामिल थे। राकेश कुमार गुप्ता, उपेंद्र सिंह, निशांत सुंदरिका सिंह राजपूत, निशांत उर्फ़ पंकज कुमार और अमरजीत जेल से छूट गए हैं।

# मोदी करेंगे नवीन विस भवन का लोकार्पण ओम बिड़ला करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर एक नवंबर को लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाकात कर उनको विधानसभा भवन के लोकार्पण का न्योता दिया। इसे ▶▶| शेष पेज 6 पर

विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाकात कर दिया न्योता





### ब्रह्माकुमारी के नए भवन का भी लोकार्पण करेंगे मोदी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से चर्चा करते हुए कहा, नवा रायपुर में ब्रह्माकुमारी बहनों का नया भवन बनकर तैयार है, जिसके लोकार्पण समारोह में ब्रह्मकुमारी बहनें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करना चाहती हैं। डॉ. सिंह के इस आग्रह को प्रधानमंत्री ने ▶▶| शेष पेज 6 पर

मंत्रिमंडल ने विधेयक को दी मंजूरी

# सट्टेबाजी वाले ऑनलाइन गेम्स पर बैन की तैयारी में सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पैसों से जुड़ी ऑनलाइन गेमिंग के क्षेत्र में मंगलवार को बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में ऑनलाइन गेमिंग बिल को मंजूरी दे दी गई है। इस बिल के तहत ऑनलाइन सट्टेबाजी को दंडनीय अपराध और पैसे से जुड़े गेमिंग ट्रांजैक्शन पूरी तरह प्रतिबंधित होंगे। मोदी सरकार बुधवार को इस बिल को लोकसभा में पेश करेगी। सूत्रों के अनुसार, बिल के तहत किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान ऑनलाइन मनी गेम्स को पैसे ट्रांसफर की परमिशन नहीं होगी। साथ ही रियल मनी गेमिंग के विज्ञापनों पर रोक होगी। सरकार इसके साथ ही ई-स्पोर्ट्स और स्किल-बेस्ड नॉन-मोनेटरी गेम्स को बढ़ावा देगी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कोटा-बूंदी में हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी, 1,507 करोड़ होंगे खर्च
- ओडिशा में 8,307.74 करोड़ रुपए की लागत से छह लेन वाले कैपिटल रीजन रिंग रोड परियोजना पर लगी मुहर

वन अधिकारी के सामने छह महिलाओं ने पत्नी होने का किया दावा

# एक-दो नहीं, हाथी के हमले से मृतक की आधा दर्जन पत्नियां!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुर

अलग खबर

हाथी से जनहानि के मामले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक दो नहीं बल्कि आधा दर्जन महिलाओं ने मृतक की पत्नी होने का दावा ठोंक दिया। वन अधिकारी ने सक्षम अधिकारी से प्रमाण पत्र लाने को कहा है। पत्थलगांव वन अधिकारी कृपासिंधु पैंकरा ने बताया कि 26जुलाई को बालाझार ग्राम पंचायत के चिमटापानी गांव में हाथी के हमले से एक किसान सालिक राम टोप्पो की मौत हो गई थी। इस मामले में वन विभाग की टीम जब जनहानि मुआवजा प्रकरण बनाने के लिए मृतक ▶▶| शेष पेज 6 पर



### 5 लाख 75 हजार के कई दावेदार

यह भी जानकारी मिली है कि घटना के बाद तात्कालिक सहायता के रूप में पच्चीस हजार रुपए की सहायता मृतक की एक पत्नी बुधियारो बाई को दी गई है। अब बाकी पांच लाख पचहत्तर हजार की राशि देने के समय कई दावेदार आने से असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### गांव में चर्चा का विषय

यह मामला न सिर्फ गांव बल्कि पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। अलग-अलग पत्नियों के बच्चों ने सरपंच से अपने नाम का पंचनामा बनवाकर मुआवजे पर दावा ठोक दिया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन किसके पक्ष में अंतिम निर्णय लेता है। गांव में चर्चा है कि सालिक ने अलग-अलग समय में छह शादियां की थीं और प्रत्येक पत्नी के साथ कई वर्षों तक वैवाहिक जीवन बिताया था। इसी दौरान बच्चों का जन्म भी हुआ। अपनी अंतिम अवधि में वह एक पत्नी और बेटे भागवत टोप्पो के साथ चिमटापानी में रह रहा था।

### सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र मांगा

वन अधिकारी पैंकरा का कहना है कि इन महिलाओं की उपस्थिति से काफी जटिल समस्या उत्पन्न हो गई है। इसी वजह इन्हें सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र मांगा गया है ताकि हाथी से जनहानि का मामला दर्ज कर उच्च अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि फिलहाल ये सभी महिलाएं जल्दी से जल्दी अपने पक्ष में मृतक की पत्नी होने का प्रमाण पत्र लाने की बात कर रही हैं। आवश्यक दस्तावेज लाने में जो भी महिला सफल हो जाएंगी, उसी के पक्ष में मुआवजा राशि के लिए प्रकरण बना दिया जाएगा।

# डीएमएफ में करोड़ों, पर तरस रहे एक पुल को

**प्रचुर मात्रा मे लौह अयस्क खनिज संपदा बटोरे हुए खडगांव क्षेत्र से करोड़ों रुपए जिला मीनिंग फंड के कोष में धड़ल्ले से जा रहा है। परंतु, एक पुल के लिए आज़ादी के 79 साल के बाद भी नवीन जिला मोहला-मानपुर अ.चौकी के तहसील खड़गांव अंतर्गत ग्राम कोसमी से ताड़ो और अड़जाल को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग आज भी बदहाल है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

खडगांव तहसील के अंतर्गत ताडो, कोसमी, अडजाल गांव के लिए जीर्ण शीर्ण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का पहुंच मार्ग है, परंतु नाले में पुल नहीं है। इस क्षेत्र के महिला, पुरूष ,स्कूली छात्र-छात्राएं ग्रामीण बरसात के दिनों में दलदल ,कीचड़ और उफनती नाला पार कर आवागमन करते है। सरकार के तरफ से स्वीकृत प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत पक्की सड़क तो बनाई गईपरंतु सरकार के 5 साल के कार्यकाल की तर्ज पर सड़क नहीं टिक पायी। जैसे तैसे ग्रामीण विशालकाय गड्ढा, बह गए डामर उबड़ खबड़ सड़क से आवागमन तो कर लेते हैं। नाले में पुल ही नहीं बनाया गया अब बरसात के दिनों में जान जोखिम में डालकर महिला पुरुष, ग्रामीण, स्कूली छात्र-छात्राएं नाला पार कर आवागमन के लिए मजबूर हैं।



**सेतु निगम को प्रस्ताव देंगे**

जिला पंचायत की तरफ से सेतु निगम को प्रस्ताव देने की तैयारी चल रही है। उच्च पुल निर्माण के लिए शासन से पत्र व्यवहार करेंगे।

-**नम्रता सिंह**, जिपंअध्यक्ष, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी

# प्रसूता को झेलगी में लेकर दो किमी चले परिजन

अलग खबर

**धौरपुर।** दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच विहीनता का दंश समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। आज भी जिले में ऐसे अनेकों गांव है जहां आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं है। गांव तक पक्की सड़क नहीं होना आए दिन लोगों की परेशानी का सबब बनता है और ऐसी ही एक तस्वीर एक बार फिर से लुंड्रा विकासखंड से सामने आई है जहां प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को झेलगी में लेकर परिजन को पैदल चलना पड़ा। गांव से दो किमी की दूरी तय कर परिजन एंबुलेंस तक पहुंचे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इसके पहले महतारी एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव हो गया। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के ग्राम रवई जटासेमर निवासी 32 वर्षीय प्रियंका बरगाह पति सुखलाल बरगाह 9 माह की गर्भवती थी। महिला को 17 अगस्त को अचानक ही प्रसव पीड़ा शुरू हो जिसके बाद गांव की मितानिन ने एंबुलेंस को फोन किया।



**जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ**

अस्पताल लाते समय महतारी एंबुलेंस में महिला का प्रसव हुआ था। प्रसूता और नवजात पूर्ण रूप से स्वस्थ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जाती है। मंगलवार को दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया और एंबुलेंस से ही घर के लिए रवाना किया गया है।

-**डॉ. राघवेंद्र चौबे**, बीएमओ

### एंबुलेंस में हुआ प्रसव

झेलगी से प्रसूता को ढोकर किसी तरह महतारी एंबुलेंस 102 तक पहुंचे जिसके बाद महिला को धौरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में अस्पताल से लगभग 2 किमी पहले महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ गई और एंबुलेंस में ही ईएमटी और पायलेट की मदद से महिला का प्रसव कराया गया। महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद महिला और नवजात बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

## 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई रिफंड की अवधि, लाखों आवेदन लंबित

# सहारा में 25 लाख निवेशकों के 20 हजार करोड़ रुपए फंसे, इनमें अब तक 80 करोड़ ही रिफंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

सहारा इंडिया में छत्तीसगढ़ से 25 लाख से ज्यादा निवेशकों का 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक पैसे फंसे हुए हैं। इन फंसे पैसों को निवेशकों को लौटाने के लिए केंद्र सरकार ने सहारा रिफंड पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को ऑनलाइन आवेदन करने तथा निवेश से संबंधित दस्तावेज के आधार पर 10 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक राशि लौटाई जा रही है, लेकिन जिस तरह से निवेशकों ने आवेदन किए हैं, उसके अनुसार राशि लौटाई नहीं जा रही है। इधर रायपुर के सहारा इंडिया के एक शाखा प्रबंधक ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 20 हजार निवेशकों को करीब 80 करोड़ रुपए की राशि लौटाए जाने की जानकारी उन्हें मिली है। यह आंकड़ा बताता है कि प्रदेश में निवेशकों के जितने पैसे डूबे हैं, उसकी तुलना में रिफंड एक प्रतिशत भी नहीं हुआ है।

### 1 करोड़ 35 लाख से ज्यादा आवेदन, 27 लाख से ज्यादा निवेशकों को 5139.23 करोड़ रिफंड

सहारा इंडिया रिफंड पोर्टल के माध्यम से 29 जुलाई 2025 की स्थिति में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से 1 करोड़ 35 लाख 34 हजार 410 निवेशकों ने आवेदन किए हैं। इन आवेदनों में से अब तक 27 लाख 33 हजार 520 निवेशकों को कुल 5139.23 करोड़ रुपए की राशि लौटाई गई है। यह राशि 10 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक उनकी जमा पूंजी के मिले दस्तावेजों के आधार पर लौटाई गई है।



### देशभर से 13 करोड़ से ज्यादा निवेशकों के पैसे फंसे हुए

सहारा इंडिया की 127 कंपनियों के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों में देशभर से 13 करोड़ से ज्यादा निवेशकों ने अपने पैसे निवेश किए थे। इनमें छत्तीसगढ़ से 25 लाख से ज्यादा निवेशक हैं, जिन्होंने अपनी जमा पूंजी को सहारा में जमा कराया था। इन निवेशकों को डूबे पैसे लौटाने के लिए सहारा इंडिया रिफंड पोर्टल में देशभर से अभी तक की स्थिति में करीब डेढ़ करोड़ निवेशकों ने आवेदन किया है, जिनमें छत्तीसगढ़ से भी करीब 15 से 20 लाख लोगों ने आवेदन किए हैं। इनमें से अभी तक मात्र 20 हजार निवेशकों को ही उनके जमा पैसों में से कुछ प्रतिशत ही राशि वापस मिल पाई है।

### चार कोऑपरेटिव सोसाइटियों के अलावा दूसरे सभी आवेदन रिजेक्ट

रिफंड पोर्टल रिफंड के माध्यम से सहारा क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी, स्टार्स मल्टीपर्पस कोआपरेटिव, सहारियन यूनिवर्सल मल्टीपर्पस कोआपरेटिव एवं हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटियों के अंतर्गत स्कीमों में जमा कराने वाले निवेशकों को ही पैसे लौटाए जा रहे हैं, जबकि इसके अलावा सहारा इंडिया ग्रुप में सहारा इंडिया कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया फाइनेंशियल कापोरेशन लिमिटेड प्रोडक्ट रेंज लिमिटेड, सहारा क्यू शॉप यूनिक, सहारा क्यू, शॉप रेंटल, सहारा गॉल्ड मार्ट, हेल्थोरियम (क्रिप्टो क्वाइन स्कीम ऑनलाइन) के अंतर्गत भी विभिन्न स्कीमों में लाखों-करोड़ों लोगों ने पैसे निवेश किए हैं। इन सोसाइटियों की स्कीमों में निवेश करने वाले निवेशकों के आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं।

### सीआरसीएस को अपूर्ण डेटा थमाने के कारण भी नहीं मिल रहा रिफंड

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन आवेदकों के दस्तावेजों में कमियां बताकर उन्हें रिजेक्ट कर दिया जा रहा है। इसके कारण निवेशकों को पैसे भी नहीं मिल पा रहे हैं। सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह राजपूत ने बताया कि सहारा सोसाइटियों के प्रबंधन द्वारा सीआरसीएस को सत्यापन कर जो डेटा दिया गया है, वह अपूर्ण है। प्रबंधन द्वारा डेटा को बदल दिया गया है। यही कारण है कि पोर्टल भी पारदर्शी नहीं है। उन्होंने बताया कि पोर्टल में कई प्रकार की खामियां हैं।

### 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई रिफंड करने की तारीख

सहारा समूह सहकारी समितियों के खाते में अभी भी 523.72 करोड़ रुपए की राशि जमा है। यह राशि निवेशकों को लौटाई जानी है। इसके लिए आवेदन करने वालों को राशि वापस करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 दिसंबर 2025 तक किया गया है।

# गृह विभाग के 5 अधिकारियों को अवमानना नोटिस 3 के खिलाफ 50-50 हजार का जमानती वारंट

**बिलासपुर।** आदेश का पालन नहीं करने पर हाईकोर्ट ने गृह विभाग के 3 आईएएस अधिकारियों के खिलाफ 50-50 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी किया है। इनके साथ कुल 5 अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया है।

प्रकरण के मुताबिक वर्ष-2013 में छ. ग. शासन के जेल विभाग में कार्यरत 17 फार्मासिस्ट ग्रेड-2 कर्मियों को शासन के अन्य विभागों में कार्यरत फार्मासिस्ट ग्रेड-2 कर्मी से कम वेतन दिए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई की गई थी। जिसमें सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं की बात को सही मानते हुए 10 वर्षों बाद वर्ष-2023 में उनके पक्ष में कुल 13 पन्नों का विस्तृत फैसला सुनाया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए शासन ने वर्ष-2024 में उच्च न्यायालय की युगल-पीठ में अपील की थी। युगल पीठ ने 7 अक्टूबर 2024 को शासन की अपील खारिज कर दी। इसके बाद भी वर्ष 2023 के फैसले पर शासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। इससे खिलाफ याचिकाकर्ताओं ने अधिवक्ता प्रवीण सोनी एवं उनके सहयोगी अधिवक्ता श्रीमती विजयिता साहू, श्रीमती शीतल सोनी व अन्य के माध्यम से 2025 में हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की।



### सुप्रीम कोर्ट से भी शासन की अपील खारिज

इधर शासन ने मई-2025 में सर्वोच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय की युगल-पीठ के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल कर दी। सर्वोच्च न्यायालय ने भी विचारण-अयोग्य मानते हुए शासन की याचिका ख़ारिज कर दिया। इसके बाद भी हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर फिर से अवमानना याचिका पेश की गई। मामले की सुनवाई जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने यह माना कि उत्तरवादियों की ओर से दोनों न्यायालयों के फैसलों की घोर-अवमानना की गई है। कोर्ट ने 5 दोषी अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया है। इसमें से 3 आईएएस अधिकारियों के खिलाफ 50-50 हजार रुपए का जमानती-वारंट जारी किया गया है। इन सभी अधिकारियों को 4 सितंबर को होने वाली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहने के आदेश भी दिए गए है।

# तोमर बंधुओं को राहत नहीं, 7 एफआईआर पर पुलिस से जवाब मांगा

बिलासपुर। राजधानी रायपुर के बहुचर्चित सूदखोर तोमर बंधुओं को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। पिछले दो माह से फरार तोमर बंधुओं की पुलिस तलाश कर रही है और उन पर इनाम भी घोषित किया है। इधर, पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए तोमर बंधुओं ने वकील सजल गुप्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई है।याचिका में अपने खिलाफ हुए 7 एफआईआर को गलत बताया गया है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने रायपुर एसपी से पूछा है कि किस आधार पर एक साथ इस तरह का केस दर्ज किया गया है। कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत शपथपत्र के साथ दो सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। दरअसल, रायपुर के तेलीबांधा और पुरानीबस्ती थाने में सूदखोर वीरेंद्र तोमर व उसके भाई रोहित तोमर पर एक्सटार्शन और सूदखोरी का केस दर्ज किया गया है। मामले में जब पुलिस ने उसके घर में दबिश दी, तब चेक और जमीनों के दस्तावेज मिले। साथ ही जांच मे यह पता चला कि मामला आर्गेनाइज क्राइम से जुड़ा हुआ है। लिहाजा, पुलिस ने तोमर बंधुओं के खिलाफ अलग-अलग 7 एफआईआर दर्ज की है। इस कार्रवाई के दौरान वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर पुलिस की गिरफ्तारी के डर से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार रोहित ने अपनी पत्नी भावना के नाम से यह ऑफिस खोला था, जहां से सूदखोरी का धंधा ऑपरेट करता था। दो माह से पुलिस उनकी तलाश कर रही है। साथ ही दोनों हिस्ट्रीशीटर भाइयों की जानकारी देने पर रायपुर पुलिस ने इनाम भी घोषित किया है।

# कुत्ते का जूठा-खाना खिलाने पर बच्चों को मुआवजा देने का आदेश

बिलासपुर। बलौदाबाजार जिले के सरकारी स्कूल में बच्चों को कुत्ते का जूठा भोजन खिलाने पर हाईकोर्ट सख्ती दिखाई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने प्रभावित बच्चों को मुआवजा देने का आदेश दिया है। वहीं, शासन ने शपथपत्र में बताया कि मामले में हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही मध्यान्ह भोजन का काम महिला स्वसहायता समूह से छीन लिया गया है। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शासन से चार बिंदुओं पर शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था।

दरअसल, 29 जुलाई को बलौदाबाजार जिले के पलारी ब्लॉक के लच्छनपुर गांव के सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के नाम पर बड़ी लापरवाही सामने आई थी। यहां मध्यान्ह भोजन के लिए बच्चों को दिए जाने वाले खाना को आवारा कुत्तों ने जूठा कर दिया था। छात्रों ने जब शिकायत की, तब भी उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया और उन्हें कुत्तों के जूठे भोजन को परोस दिया गया। जब छात्रों ने यह बात अभिभावकों को बताई तो स्कूल समिति की बैठक हुई और दबाव में आकर विद्यार्थियों को दो डोज एंटी रेबीज वैक्सीन दी गई।

### 78 को वैक्सीन दे दी गई

मीडिया में आई खबरों के मुताबिक 84 बच्चों ने भोजन किया, जिसमें से 78 को वैक्सीन दी गई। इसी पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान शासन ने शपथपत्र के साथ जवाब प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि स्कूल के हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। मध्यान्ह भोजन का काम करने वाली महिला स्वसहायता समूह को हटा दिया गया है।

# नक्सली दंपती सहित 4 ईनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नक्सली दंपती सहित 4 ईनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 22 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। लगातार सुरक्षा बलों की कार्रवाई, सीनियर लीडरों के आत्मसमर्पण, संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद और मुख्यधारा से जुड़कर सुरक्षित पारिवारिक जीवन जीने की चाह ने इन नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया। शासन की विकासोन्मुखी योजनाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, मोबाइल नेटवर्क और परिवहन की सुविधा के विस्तार ने अंदरूनी इलाकों में नक्सलियों का आधार कमजोर किया है। आत्मसमर्पण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वॉय अक्षय कुमार एएसपी ऑप्स रूपेश कुमार डांडे, डीएसपी ऑप्स सतीष भार्गव, सीआरपीएफ 188वीं बटालियन कमांडेंट भावेश चौधरी और नक्सल सेल प्रभारी विकासचंद राय मौजूद रहे।



### इन्होंने किया सरेंडर

लक्ष्मण कोर्राम उर्फ जुन्नू 30 वर्ष मानपुर डिवीजन कोतरी एरिया कमेटी प्रभारी, ईनाम 8 लाख। मड्डो उर्फ जरीना 25 वर्ष कोतरी एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 5 लाख। पांडूराम 40 वर्ष जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम 1 लाख। सखाराम 30 वर्ष कंपनी नं. 05 सदस्य व नक्सली डॉक्टर, ईनामी 8 लाख। ये सभी नक्सली वर्षों से कोण्डागांव, कांकेर, बस्तर, दंतेवाड़ा और मानपुर मोहला क्षेत्रों में फायरिंग, हत्या, लूटपाट, शासकीय भवन क्षतिग्रस्त करना, रोड काटकर मार्ग अवरुद्ध करना, अपहरण और आगजनी जैसी अनेक घटनाओं में शामिल रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5963




**बाएँ से दाए**

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सर्द,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा-2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरूर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5962 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5973

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5972 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

बिलासपुर

बुधवार, 20 अगस्त 2025

भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वादशी

वर्ष : 25, अंक : 147

पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***


मौसम

अधि. 31.2


न्यून. 25.4


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

■ मंडल की ट्रेनें भी हर साल दे रही करोड़ों, दुर्ग नौतनवा और बेतवा एक्सप्रेस टॉप 10 में

# कमाई में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस टॉप पर, सारनाथ को दूसरा स्थान, पसंदीदा टॉप टेन में मंडल की ट्रेनें आगे

ललित राठौड़ ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

रेलवे की कमाई अब करोड़ों की सीमा पार कर अरबों तक पहुंच चुकी है और धीरे-धीरे यह आंकड़ा ख़रब की ओर बढ़ रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनों से हर साल लाखों यात्री सफ़र करते हैं और यही सफ़र रेलवे के खज़ाने में मोटी आमदनी का कारण बनता है। महानगरों को जोड़ने वाली ये लंबी दूरी की ट्रेनें न सिर्फ़ छत्तीसगढ़ के लोगों की पहली पसंद हैं, बल्कि दूसरे ज़ोन के यात्रियों के लिए भी लाइफलाइन साबित हो रही हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### टॉप 10 कमाई वाली ट्रेनों में मंडल की 6 ट्रेनें शामिल

हरिभूमि ने यात्रियों की जिन 10 पसंदीदा ट्रेनों की पड़ताल की, उनमें रायपुर मंडल की 6 ट्रेनें शामिल रही। टॉप-10 सूची में अमरकंटक एक्सप्रेस चौथे स्थान पर है, जिसने 40 करोड़ 4 लाख 71 हज़ार 286 रुपये की कमाई की। इसके बाद दुर्ग–पुरी एक्सप्रेस पाँचवें स्थान पर रही, जिससे 34 करोड़ 63 लाख 57 हज़ार 147 रुपये का राजस्व मिला। आठवें स्थान पर सिकंदराबाद एक्सप्रेस रही, जिसने 18 करोड़ से अधिक की कमाई की। नौवें स्थान पर दुर्ग–अंबिकापुर एक्सप्रेस रही, जिसकी कमाई 16 करोड़ से अधिक रही। वहीं, दसवें स्थान पर गरीब रथ रही, जिसने रेलवे को 10 करोड़ 31 लाख 34 हज़ार 75 रुपये का राजस्व दिया।

### लंबी दूरी की ट्रेनों में अधिक कमाई

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | 67 |
| सारनाथ एक्सप्रेस | 45 |
| गोंडवाना एक्सप्रेस | 43 |
| अमरकंटक एक्सप्रेस | 40 |
| दुर्ग पूरी एक्सप्रेस | 34 |
| राजधानी एक्सप्रेस | 29 |
| संपर्क क्रांति | 25 |
| सिकंदराबाद एक्सप्रेस | 18 |
| दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस | 17 |
| गरीब रथ | 10 |

नोटः सभी आंकड़ें करोड़ों में

### इन ट्रेनों में यात्रियों ने किया सर्वाधिक सफर

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | 798,125 यात्री |
| सारनाथ एक्सप्रेस | 561,540 यात्री |
| अमरकंटक एक्सप्रेस | 558,533 यात्री |
| दुर्ग पूरी एक्सप्रेस | 507,265 यात्री |
| गोंडवाना एक्सप्रेस | 400,195 यात्री |
| दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस | 375,711 यात्री |
| सिकंदराबाद एक्सप्रेस | 269,619 यात्री |
| संपर्क क्रांति | 235,741 यात्री |
| गरीब रथ | 128,306 यात्री |
| राजधानी एक्सप्रेस | 121,149 यात्री |

## एनडीए की बैठक में सिंधु जल संधि को लेकर बोले प्रधानमंत्री

# पीएम मोदी बोले- देश हित की कीमत पर नेहरू ने अपनी छवि चमकाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नेताओं खासकर विपक्ष से राजग उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगा। राधाकृष्णन बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने सिंधु जल संधि के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की आलोचना भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश की संसद और अपनी कैबिनेट को भी भरोसे में लिए बगैर पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

पीएम मोदी ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश हित की कीमत पर अपनी छवि चमकाई और देश 80 फीसदी से ज्यादा पानी को पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उस समय की सरकारों द्वारा किए गए पापों को साफ कर रही है। उन्होंने कहा कि नेहरू ने अपने एक सहयोगी से कहा था कि इस समझौते (सिंधु जल समझौते) से ▶▶|शेष पेज 6 पर

*एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के सांसदों की एक बैठक में अभिनंदन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई सहयोगियों सहित उनके शीर्ष नेताओं ने राधाकृष्णन का स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने सिंधु जल संधि को लेकर भी कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा, जवाहरलाल नेहरू ने अपनी छवि चमकाने के लिए भारत के हितों से समझौता किया और अपने मंत्रिमंडल या संसद को विश्वास में लिए बिना ही इस समझौते को मंजूरी दे दी।*

- उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राधाकृष्णन का किया गया सम्मान
- आज नामांकन भर सकते हैं राधाकृष्णन

### सभी से बात कर रहे राजनाथ सिंह

रिजिजू ने कहा कि राजनाथ सिंह भी सभी से बात कर रहे हैं और हम चाहते हैं कि हम सब मिलकर उपराष्ट्रपति के चुनाव में राधाकृष्णन का सर्वसम्मति से समर्थन करें और यह हमारे लिए बहुत उपयोगी होगा। लोकतंत्र के लिए, हमारे देश के लिए और राज्यसभा को चलाने में भी...।



**राधाकृष्णन राजनीति में खेल नहीं करते :** राधाकृष्णन के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह ओबीसी समाज से आते हैं और एक जमीनी, सहज नेता हैं। पीएम ने कहा कि राधाकृष्णन राजनीति में खेल नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से अपील की कि वे एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करें ताकि उपराष्ट्रपति का चुनाव सर्वसम्मति से हो।

### नेहरू ने पाक को सौंप दिए भारत के 80 फीसदी जल संसाधन

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि सिंधु जल समझौते से भारत के 80 फीसदी जल संसाधन पाकिस्तान को सौंप दिए गए, जिससे किसानों के हितों पर बड़ा आघात पहुंचा। उन्होंने कहा कि बाद में नेहरू ने खुद अपने सचिव के माध्यम से स्वीकार किया था कि इस समझौते से कोई फायदा नहीं हुआ।

### पूर्व न्यायाधीश रेड्डी विपक्ष के उम्मीदवार



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार हैं। वह 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। जुलाई, 2011 में उच्चतम न्यायालय से सेवानिवृत्त हुए 79 वर्षीय बी सुदर्शन रेड्डी एक वरिष्ठ न्यायविद हैं, जिन्हें काले धन के मामलों की जांच में ढिलाई बरतने के लिए तत्कालीन केंद्र सरकार की आलोचना वाले कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए जाना जाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्थापित सलवा जुडूम को भी असंवैधानिक घोषित किया था।




# ओडिशा से टूटा संपर्क, तेज बारिश ने कई गांवों को बना दिया टापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ मैनपुर

प्रदेश के कई हिस्सों में हुई बारिश ने कई गांवों को टापू में तब्दील कर दिया है। वहीं, दूसरी ओर सुकमा-ओडिशा का संपर्क भी टूट गया है। जिसके कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यहां पुल पर पानी आने के बाद यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है। सोमवार रात से हो रही बारिश ने गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में दर्जनों ग्रामों का संपर्क मैनपुर मुख्यालय से कट गया है। यहां गांव टापू में तब्दील हो चुके हैं। नदी नाले पूरे उफान पर हैं, जिसके कारण कई स्कूलों के दरवाजे नहीं खुल पाए। एक दर्जन से ज्यादा कच्चे मकान टूटकर धराशायी हो गए तो कहीं-कहीं पेड़ गिरने के साथ ही पिछले 18 घंटों से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। 24 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

बारिश के दिनों में गांव टापू में तब्दील हो जाने से चांवल-दाल, ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ एक दर्जन से ज्यादा कच्चे मकान टूटकर हो गए धराशायी तो कहीं-कहीं पेड़ गिरने के कारण पिछले 18 घंटों से बिजली व्यवस्था चरमराई



### राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के 65 ग्राम बने टापू

मैनपुर के राजापडाव गौरगांव क्षेत्र ओडिशा सीमा से लगा हुआ है और इस क्षेत्र के नदी नालों में पुल पुलिया का निर्माण नहीं होने से इस क्षेत्र के लोग बारिश के पुरा चार माह परेशानियों में गुजारते हैं, और तो और ओडिशा में बारिश का असर इस क्षेत्र के नदी नालों में देखने को मिलता है। ओडिशा क्षेत्र में बारिश होने से इस क्षेत्र के बाघ नदी में बाढ़ ▶▶|शेष पेज 6 पर

**सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी**

# आईपीएस को नसीहत, अपने आकाओं के आगे मत झुको

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पटना हाईकोर्ट की ओर से हत्या के एक मामले में दोषियों की सजा निलंबित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने सुनवाई करते हुए बिहार के आईपीएस अधिकारी अशोक मिश्रा की जमकर फटकार लगाई। आईपीएस ने हत्या के दोषी के जमानत को लेकर समर्थन में हलफनामा दायर किया था, जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट काफी नाराज हुआ और उनसे कहा ▶▶|शेष पेज 6 पर



### अफसर से कही यह बात

पीठ ने आईपीएस अधिकारी से कहा, अपना दिमाग लगाएं, न्याय करें। जिस पद पर आप हैं, लोगों के साथ न्याय करें। अपने आकाओं के सामने ना झुकें। अगर वे आपको गैर कानूनी काम करने के लिए कहते हैं, तो अपने विश्वास के लिए खड़े हो जाओ। ज्यादा से ज्यादा वो क्या कर सकते हैं, उसके खिलाफ खड़े हो जाओ। वो आपका ट्रांसफर करेंगे, तो तैयार रहें। आपकी सैलरी नहीं कटेगी। आपका तब सम्मान सिर्फ इसलिए हो रहा होगा, क्योंकि आप पद पर हैं।

# ‘महिला शिक्षा या आर्थिक मदद’ इस सवाल ने दिलाया मनिका को ताज

**जयपुर।** राजस्थान की मनिका विश्वकर्मा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का खिताब जीत लिया है। प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अपः तान्या शर्मा (यूपी), सेकंड रनर-अपः महक ढींगरा (हरियाणा) व थर्ड रनर-अपः अमीषी कौशिक रहीं। जयपुर में आयोजित ग्रैंड इवेंट में फाइनल राउंड में उन्हें एक महत्वपूर्ण सवाल पूछा गया, ‘यदि ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ इस नवंबर में थाईलैंड में आयोजित 74वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में करेंगी प्रतिनिधित्व

### राजस्थान की मनिका विश्वकर्मा ने जीता मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का खिताब




### मेंटर्स का किया शुक्रिया अदा

जीत के बाद मनिका ने स्टेज पर अपनी खुशी जाहिर की और अपने मेंटर्स का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने बताया कि ‘संघर्ष के बजाय, हमारे पास तैयारी का एक सफर है। ब्यूटी कॉन्टेस्ट सिर्फ एक फील्ड नहीं है, यह अपनी ही एक दुनिया है जो इंसान के चरित्र का निर्माण करती है। यह सिर्फ एक साल का राज नहीं, बल्कि जिंदगी भर का सफर है।’ मनिका अब इस नवंबर में थाईलैंड में आयोजित 74वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी स्पष्ट प्राथमिकता और प्रेरक विचार भारतीय युवाओं के लिए उदाहरण बनेंगे।

# अब स्कूल के बच्चे भी पढ़ेंगे ऑपरेशन सिंदूर की गौरवगाथा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने अपनी किताबों में ऑपरेशन सिंदूर को जगह दी है। कक्षा 3 से 12वीं तक के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष मॉड्यूल जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि भले ही पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले में अपनी संलिप्तता से इंकार किया है, लेकिन यह पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व के सीधे आदेश पर किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य अभियान नहीं, बल्कि शांति की रक्षा और शहीद हुए लोगों के सम्मान का वादा है। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार की ओर से 27 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया था। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने सीमा पार आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी, साथ ही भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर सटीक हमले किए। एनसीईआरटी मॉड्यूल का उद्देश्य इस मिशन का तथ्यात्मक अवलोकन की जानकारी देना है।

■ एनसीईआरटी का विशेष मॉड्यूल

**घर पर रहते थे अकेले**

# भाजपा के कद्दावर नेता रहे बिसे यादव ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा के कद्दावर नेता बैगापारा दुर्ग निवासी बिसे यादव (73 वर्ष) ने मंगलवार की शाम अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उन्होंने किन कारणों से आत्महत्या की, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। कोतवाली पुलिस ने शव को पीएम के लिए मरच्यूरी भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि बिसे यादव घर पर अकेले रहते थे। बिसे यादव वर्ष 1990 के दशक में भाजपा के बड़े नेता के रूप में पहचाने जाने थे। उन्हें शहर में गुरुजी के नाम से पहचाना जाता था। उन्होंने विधानसभा चुनाव में मोतीलाल वोरा की टक्कर दी थी। शिवसेना से चुनाव लड़ते हुए जमानत बचाई थी। इसके बाद वे चर्चा में आए।



### कई पदों पर रहे

वे भाजयुमो शहर अध्यक्ष व भाजपा शहर अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने ठेठवार पारा वार्ड से पहली बार पार्षद का चुनाव लड़ा। उसने शहर कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष रामानुजलाल यादव को हराया। वर्ष 2000 तक वे 5 बार पार्षद चुने गए थे। इसके बाद उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। बाद में दो बार और चुनाव लड़ा और पार्षद का चुनाव जीता था।




## चिंतन

# दुर्लभ मैग्नेट की आपूर्ति से दूर होगी भारत की चिंता

अधिकतर मौके पर भारत और चीन के संबंध तनावपूर्ण ही रहते हैं। लंबे अर्से से जारी सीमा विवाद के चलते चीन भारत के लिए भरोसेमंद नहीं है। लेकिन हाल में ट्रंप 2.0 काल में अमेरिका ने भारत से अदावत शुरू की तो चीन भारत के करीब आने लगा है। चीन को भारत की विशाल कंज्यूमर ताकत का एहसास है। एक समय भारत और अमेरिकी की गहरी होती बॉन्डिंग से चीन असहज महसूस कर रहा था, अब अमेरिका का एकतरफा भारत के खिलाफ शुरू किया गया दुश्मन सरीखा व्यवहार चीन को भारत से संबंध सुधारने का अवसर दे रहा है। अभी जब भारत डिजिटल, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटो, ड्रोन समेत रक्षा उपकरण व सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो चीन ने इन उद्योगों में अनिवार्य उपयोगी रेयर अर्थ मेटल्स (दुर्लभ मृदा खनिजों) की आपूर्ति जुलाई से भारत को बंद कर दी। हालांकि भारत ने विकल्पों पर काम करना शुरू किया, लेकिन चीन के साथ भी वार्ता जारी रखी। भारत ने चीन को स्पष्ट संदेश दिया कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ठीक है, लेकिन भारत के विनिर्माण क्षेत्र के ग्रोथ को बाधित करने के लिए कच्चे माल को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना उचित नहीं है। अब भारत के दो दिवसीय दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत को उर्वरकों और दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति से जुड़े प्रतिबंधों में ढील देने पर सहमति जताई है। अगर चीन इस पर अमल करता है और भारत को रेयर अर्थ मेटल्स खासकर मैग्नेट की आपूर्ति की बाधाएं दूर करता है, तो नई दिल्ली की बड़ी चिंता दूर होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता में भारत की तीन प्रमुख चिंताओं को रखा और चीन ने इनका समाधान करने का वादा किया है। चीन भारत की उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों और सुरंग खोदने वाली मशीनों की जरूरतों को पूरा करेगा। दुर्लभ मृदा खनिजों को उच्च-स्तरीय तकनीकी उत्पादों, जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। वैश्विक दुर्लभ मृदा खनन में चीन का लगभग 70 प्रतिशत योगदान है। भारत व चीन अगर अपने संबंध सुधार कर सामान्य स्तर पर लाते हैं, जिसमें विश्वास बहाली हो, ट्रेड हो, तो ब्रिक्स के मजबूत होने के साथ एशिया के आर्थिक, व्यापारिक व सामरिक परिदृश्य बदल सकते हैं। पश्चिमी हथियार निर्माता लॉबियों की ओर से पैदा किए गए तनावों के चलते एशियाई देशों का बहुत अधिक पैसा अस्त्र-शस्त्र पर खर्च होता है, जिसकी बचत से विकास व गरीबी उन्मूलन में मदद मिल सकती है। भारत की रेयर अर्थ मेटल की करीब 85 फीसदी जरूरतें चीन से आयात पर निर्भर हैं। भारत में 69 लाख मीट्रिक टन का भंडार है, लेकिन उत्पादन क्षमता सीमित है। सरकार जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड और कर्नाटक में रेयर अर्थ मेटल्स के भंडार की खोज को बढ़ावा दे रही है। विशाखापत्तनम में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट प्लांट लगाया है। 2030 तक भारत की मांग 7,000 टन से भी ज्यादा हो सकती है। नियोडिमियम-प्रसीओडिमियम (एनडीपीआर) ऑक्साइड और एनडीएफईबी मैग्नेट्स के लिए लंबे समय तक कीमतों की गारंटी देने, खनिज समृद्ध राज्यों में उत्पादन व शोध को बढ़ावा देने के लिए छोटे हब बनाने, इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड की प्रोडक्शन क्षमता बढ़ाने, एक राष्ट्रीय मैग्नेट भंडार बनाने व चीन के अलावा दूसरे देशों से आयात करने व वहां निवेश करने जैसे कदमों से दुर्लभ खनित के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। चीन से आयात जारी रहने पर भारत को समय मिल जाएगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# नए आर्थिक सुधार के ट्रैक पर भारत

**ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा।**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थशास्त्रियों और शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक की और नये सुधारों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को बेअसर करने के लिए सरकार आर्थिक विकास में वृद्धि हेतु मिशन मोड में आ चुकी है। अब सरकार के मंत्रालयों ने अगले 100 दिनों में लिए जाने वाले संभावित बड़े आर्थिक फैसलों पर काम करना शुरू कर दिया है। इन फैसलों में चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों को नरम करना, ई-कामर्स एक्सपोर्ट हब की शुरुआत, चमड़ा उद्योग के लिए पर्यावरण नियम में छूट, स्टार्टअप को टैक्स में और छूट, तंबाकू व फार्मा व्यापारी के पंजीयन नवीनीकरण की समय सीमा को बढ़ाना और औद्योगिक मंजूरी के पोर्टल को और अपडेट करना शामिल है।

वित्त मंत्रालय भी अगले 100 दिनों में जीएसटी का नया वर्जन लागू करने जा रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। वस्तुतः भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़ा लोकतंत्र, स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का इकोसिस्टम, सबसे तेजी से बढ़ता बाजार और विनिर्माण व सेवा क्षेत्र की ऊंचाइयां दुनिया के देशों को भारत के साथ व्यापार-कारोबार बढ़ाने और एफटीए के लिए प्रेरित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि एक ओर जब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारत के कड़े रुख से बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई को भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बता दिया है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत दुनिया के विकास में 16 प्रतिशत का योगदान देता है और इसी वर्ष भारत दुनिया की चौथी शीर्ष अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह भी उम्मीद की जा रही है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक आर्थिक संगठन भारत के तेज विकास की रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) का नया आकलन जारी किया है। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है। आईएमएफ ने कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। वहीं, अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। इससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था किस रफ्तार से आगे बढ़ रही है। विश्व बैंक ने कहा है कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अनुमान



लगाया है कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ इसी तरह की राय दुनिया की तीन प्रमुख रेटिंग एजेंसियों मूडीज, एसएंडपी और फिच ने भी जताई है। स्पष्ट है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति मजबूत है। निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। कई और महत्वपूर्ण आधार भारत की आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। महंगाई दर घटने से विकास को गति मिल रही है। लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहने के बाद देश में महंगाई के काफी नीचे आने के पीछे एक प्रमुख कारण अच्छा मानसून बेहतर कृषि उत्पादन भी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को चौथी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। लेकिन यह समय भारत के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण मोड़ है, जब अमेरिका के द्वारा अधिक टैरिफ लगाए जाने से भारत के लिए अमेरिका का बाजार सीमित हो रहा है, तब भारत एफटीए के माध्यम से निर्यात और विकास दर बढ़ाने के लिए नए बाजार खोलने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। स्थिति यह है कि दुनिया के कई देश भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के मद्देनजर भारत के साथ एफटीए के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं।

यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अब वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने के मद्देनजर सरकार के द्वारा अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। हम उम्मीद करें कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई आर्थिक घोषणाओं और ट्रंप टैरिफ से निर्मित आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर रणनीतिक प्रयासों से भारत विकास की डगर पर लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

*( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सुप्रीम चेतावनी
क्षमा शर्मा



# स्त्री-पुरुष संबंधों को बराबरी की दृष्टि से देखने की जरूरत

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि शादी में रहते हुए किसी और से सम्बध बनाने के मामले में स्त्री भी अपराधी होती है। न्यायालय ने महिला को चेतावनी भी दी कि उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जा सकती है क्योंकि उसने पति के रहते हुए भी किसी और से शारीरिक सम्बंध बनाए। मामला यह था कि एक विवाहित स्त्री ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके वकील का कहना था कि उक्त व्यक्ति ने उस महिला से शादी का झूठा वादा करके लम्बे अरसे तक शारीरिक सम्बंध बनाए। इसलिए उस आदमी की एंटीसिपेटरी बेल खारिज की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने महिला को डांटते हुए कहा कि आपको याद रखना चाहिए कि आप एक शादीशुदा महिला हैं। आप वयस्क भी हैं। आपके दो बच्चे हैं। ऐसे में पति के होते हुए भी इस तरह के व्यवहार का क्या परिणाम होता है, अच्छी तरह से जानती ही होंगी। आप उस व्यक्ति के बुलावे पर बार-बार होटल में गई ही क्यों। यह महिला 2016 में उस आदमी से सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। तब से दोनों में सम्बंध थे। महिला ने अपने पति से तलाक मांगा। उसका कहना था कि इसके लिए उसके पुरुष मित्र ने ही दवाब बनाया था। इस वर्ष मार्च में परिवार अदालत में तलाक हो गया। इसके बाद जब महिला ने अपने पुरुष मित्र से विवाह के बारे में कहा, तो उसने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर बिहार में इस व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा कर दिया। पटना हाईकोर्ट ने उस व्यक्ति को एंटीसिपेटरी बेल दी थी। महिला इसी को खारिज कराने के लिए उच्चतम न्यायालय तक आई थी। मगर उच्चतम न्यायालय ने भी उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। महिला को डांटा भी। अरसे से अदालतें कह रही हैं कि दो वयस्कों के बीच शारीरिक सम्बंध दुष्कर्म नहीं होता है। बहुत बार देखा गया है कि जोड़े लिव इन में रहते हैं। बात नहीं बनी तो स्त्रियां दुष्कर्म का केस कर देती हैं। देखने की बात यह है कि जिन महिलाओं , बच्चियों को दुष्कर्म जैसे भयानक अपराध से गुजरना पड़ता है, उनमें से बहुत कम न्यायालय तक पहुंच पाती हैं। क्योंकि अपने देश में न्यायिक प्रक्रिया बहुत समय लेती है। कई साल पहले दुष्कर्म की शिकार एक चौदह साल की बच्ची ने एक बच्चे को जन्म दिया था। फिर कुछ दिनों बाद वह उस अपराधी के साथ ही रहने चली गई थी। उसने कहा था कि मेरे माता-पिता गरीब हैं। कब तक पुलिस और अदालतों के चक्कर काटूं। ऐसे में खुद को और अपने बच्चे को भूखा कैसे मरने दूं। कम से कम वह आदमी मुझे और मेरे बच्चे को रोटी तो देगा। निर्भया मामले में पूरे देश में उबाल आ गया था। प्रदर्शन और धरनों से देश हिल उठा। कठोर दुष्कर्म कानून की मांग हुई थी। नया कानून बना भी था, लेकिन कठोर कानून के बावजूद दुष्कर्म रुक नहीं सके। एनसीआरबी के अनुसार 2021 में पूरे देश में 31677 रेप केस दर्ज किए गए थे। इनमें से अधिकांश अपराध उन लोगों द्वारा किए गए थे, जो महिलाओं के परिचित या रिश्तेदार थे। तो क्या ये माना जाए कि इस तरह के कानूनों की जरूरत ही नहीं। यदि अपराध हैं, तो उनसे निपटने के लिए कानून भी होने चाहिए। इसके अलावा कानून तक हर एक की पहुंच होनी चाहिए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। कानूनी प्रक्रिया भी लम्बी नहीं होनी चाहिए साथ ही इसके लिए उन महिलाओं के लिए संसाधन जुटाने की जरूरत भी है, जो आर्थिक कारणों से इन तक नहीं पहुंच पातीं। यह बात भी सच है कि एक तरफ तो सताई गई स्त्रियां, किसी न किसी कारणवश कानून तक नहीं पहुंच पातीं, तो दूसरी तरफ साधन-सम्पन्न स्त्रियां बहुत बार कठोर कानूनों का दुरुपयोग करती हैं। ऐसी खबरें बार-बार आती हैं। जांच एजेंसियां भी कहती हैं कि बहुत से दुष्कर्म के मामले झूठे होते हैं। कई बार वे बदला लेने के लिए भी लगाए जाते हैं। जो कानून स्त्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, यदि उनका दुरुपयोग होगा तो निश्चय ही कानूनों में लोगों का भरोसा कम होगा। जिसने कोई अपराध नहीं किया है, यदि उसे अपराधी बनाया जाए, तो फिर कानून की विश्वसनीयता भी कम होती है। आज के समय में जब बड़ी संख्या में युवक-युवतियां घर से बाहर निकलते हैं, साथ काम करते हैं, उनमें मैत्री भी होती ही है। सम्बंध भी बनते हैं। बहुत से लिव इन में भी रहने लगते हैं। जब सम्बंधों में दरार आने लगती है, लड़के वादे से मुकर जाते हैं, या किसी और सम्बंध में चले जाते हैं, तब लड़कियां गुस्से में दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देती हैं। इन दिनों शादीशुदा स्त्रियां भी दूसरे सम्बंधों में आ जाती हैं। कोई कह सकता है कि यदि पुरुष विवाहित होते हुए, दूसरी स्त्रियों से सम्बंध रखते हैं, तो स्त्रियां ऐसा क्यों नहीं कर सकतीं। सवाल यही है कि क्या स्त्रियां पुरुषों के इस व्यवहार को उचित मानती हैं। नहीं न, तो स्त्रियों का ऐसा व्यवहार भी उचित कैसे माना जा सकता है।

*( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
**दर्शन**

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नकली बाबाओं के कृत्यों को छानना होगा

सभी धार्मिक संगठनों की पहल तो मृदु वचनों से ही होती है, जिनमें से कुछ तो पहले अज्ञानी लोगों को अपने ज्ञान-जाल में ऐसा फंसाते हैं, जहां से निकलने के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। बहुत कुछ खोने के बाद जब उन्हें होश आता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। बाबाओं के मकड़ज़ाल से भोले-भाले लोगों को बचाना सरकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उनके प्रवचनों में न जाकर उनकी पृष्ठभूमि की जांच करना जनहित में होगा। लोगों को चालाक और चालबाज बाबाओं से सचेत रहते की जरूरत है। देशभर में कई ऐसे बाबा हैं, जिनके चेहरों से नकाब उतर चुका है। मीडिया को भी लोगों को जागरूक करना चाहिए।

*- गिरीश नायक, बागबहरा*

## ट्रेंड

### हवाईअड्डे का विकास



केन्द्रीय कैबिनेट ने आज 1507 करोड़ की लागत से कोटा-बूंदी (राजस्थान) में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास को मंजूरी दी। इस महत्वपूर्ण निर्णय से कोटा सहित आसपास के क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, शिक्षा व रोजगार को भी बढ़ावा मिलने वाला है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक रचनाकार, 'पद्म भूषण' हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि ! ज्ञान, गहराई और गरिमा से सिंचित आपकी रचनाएं भारतीय सांस्कृतिक चेतना की अमिट अभिव्यक्ति हैं। आपका चिंतन, आपकी शैली हिंदी साहित्य की कालजयी विरासत है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां



हमारी सरकार हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष बाढ़ प्रबंधन की तैयारियाँ छह महीने पहले ही शुरू कर दी गई थीं। ऑन ग्राउंड जाकर वास्तविक स्थिति का जायज़ा भी ले रहे हैं और त्वरित मदद भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### क़ानून-व्यवस्था ठप



दिल्ली के स्कूलों को बार-बार धमकियां मिलती हैं लेकिन आज तक न कोई पकड़ा गया है, न कोई कार्रवाई हुई है। बीजेपी से ना तो दिल्ली संभल रही है, ना ही दिल्ली की क़ानून-व्यवस्था।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# द. कोरिया और अमेरिकी सैन्य अभ्यास की किम ने की निंदा



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच जारी सैन्य अभ्यास की निंदा की साथ ही दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए देश की परमाणु ताकत को तेजी से बढ़ाने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किम ने यह बात परमाणु-सक्षम प्रणालियों से लैस सबसे उन्नत युद्धपोत का निरीक्षण करने के दौरान कही। किम जोंग उन ने सोमवार को ठीक उस समय पश्चिमी बंदरगाह नम्पो का दौरा किया जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया। दोनों देशों का यह अभ्यास परमाणु-हथियार संपन्न उत्तर कोरिया से उत्पन्न खतरों का बेहतर ढंग से मुकाबला करने की तैयारियों का हिस्सा है। यह 11 दिवसीय अभ्यास साल में दो बार होने वाले बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास में से दूसरा है। इसमें 21,000 सैनिक शामिल हैं, जिनमें 18,000 दक्षिण कोरियाई हैं और इसमें कंप्यूटर-आधारित कमांड पोस्ट संचालन तथा मैदानी प्रशिक्षण शामिल हैं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका का कहना है कि यह अभ्यास रक्षात्मक है, लेकिन उत्तर कोरिया लंबे समय से इन्हें हमले की तैयारी बताता आया है और अक्सर ऐसे मौकों पर हथियार परीक्षण करता है।

## ऑफ बीट

# बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा

एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी थी।



इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंत:शिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है। ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

*नई दिल्ली। देश में उपराष्ट्रपति चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। 9 सितंबर को मतदान होगा। उपराष्ट्रपति पद चुनाव में इस बार मुकाबला एनडीए के सीपी राधाकृष्णन और विपक्ष के बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच देखने को मिलेगा। ऐसे में पिछले उपराष्ट्रपति चुनाव के बारे में जानना दिलचस्प होगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें, उपराष्ट्रपति के लिए हुए पिछले पांच चुनावों में सत्ताधारी दल द्वारा उतारे गए प्रत्याशी को जीत हासिल हुई। मोहम्मद हामिद अंसारी इकलौते उपराष्ट्रपति ऐसे राष्ट्रपति हैं, जो लगातार दो बार चुने गए।*

# पिछले 23 साल में उपराष्ट्रपति पद के लिए हो चुके हैं 5 चुनाव

## एक उम्मीदवार को मिली है दो बार जीत | जल्द ही होने वाले हैं इस पद के लिए चुनाव

**2002 भाजपा के पहले उपराष्ट्रपति**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के दिग्गज नेता रहे भैरों सिंह शेखावत साल 2002 में उपराष्ट्रपति चुने गए। तब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारी थी। भैरों सिंह शेखावत ने इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुशील कुमार शिंदे को चुनाव मे हराया। भैरों सिंह शेखावत बीजेपी से जुड़े पहले ऐसे व्यक्ति थे, जो देश के उपराष्ट्रपति बने। वह साल 2007 में प्रतिभा पाटिल के खिलाफ राष्ट्रपति का चुनाव भी लड़े लेकिन हार गए।

**एनडीए के राधाकृष्णन और इंडिया के रेड्डी के बीच होना है मुकाबला**




**दो बार के उपराष्ट्रपति**

साल 2004 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए की सरकार बनी और 2007 में उपराष्ट्रपति चुनाव हुए। इस चुनाव में यूपीए की तरफ से हामिद अंसारी को प्रत्याशी बनाया गया। उन्होंने बीजेपी की नजमा हेपतुल्ला और सपा के राशिद मसूद को चुनाव में हराया है। हामिद अंसारी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि रहे हैं। इसके बाद हामिद अंसारी साल 2012 में भी यूपीए द्वारा प्रत्याशी बनाए गए, इस चुनाव में उन्होंने बीजेपी के यशवंत सिंह को हराया।

**2017 में जीते वेंकैया**

*साल 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी। साल 2017 में हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए ने बीजेपी के सीनियर नेता वेंकैया नायडू को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने इस चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार गोपाल कृष्ण गांधी को हराया। वेंकैया नायडू बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं।*

**2022 में धनखड़ की रिकार्ड जीत**

साल 2022 में हुए एनडीए की तरफ से जगदीप धनखड़ को प्रत्याशी बनाया गया। उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में यूपीए की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को रिकार्ड 346 मतों से हराया था। धनखड़ को 528 जबकि अल्वा को महज 182 वोट मिले थे। धनखड़ उपराष्ट्रपति बनने से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे। उन्होंने इस साल 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया था।

**उपराष्ट्रपति चुनाव का नंबर गेम**

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन 68 साल के हैं तो वहीं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज रेड्डी की उम्र 79 वर्ष है। नंबर गेम की बात करें तो उसमें एनडीए आगे दिख रहा है। उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए 392 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी। वर्तमान में लोकसभा में 542 जबकि राज्यसभा में 240 सांसद हैं। आंकड़ों के अनुसार एनडीए के पास 427 सांसदों का समर्थन है। वहीं विपक्ष के पास 355 सांसदों का समर्थन है। एनडीए के 293 लोकसभा सांसद हैं जबकि 134 राज्यसभा सांसद हैं। वहीं विपक्ष में 249 लोकसभा सांसद और 106 राज्यसभा सांसद हैं। हालांकि ऐसा जरूरी नहीं कि विपक्ष के सभी सांसद इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को ही वोट करें। कुछ सांसद वोटिंग के दौरान अनुपस्थित रह सकते हैं तो वहीं ऐसे दल जो किसी गठबंधन में शामिल नहीं हैं, वह अपने सांसदों को किसी भी उम्मीदवार को वोटिंग करने के लिए निर्देशित कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### गुजरात उच्च न्यायालय से आसाराम को फिर मिली राहत



**नई दिल्ली।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दुष्कर्म के दोषी तथाकथित संत आसाराम बापू की अंतरिम जमानत अवधि 3 सितंबर तक बढ़ा दी है। आसाराम को 2013 के बलात्कार मामले में दोषी ठहराया गया था और गांधीनगर की एक अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जस्टिस इलेश वोरा और जस्टिस पी.एम. रावल की खंडपीठ ने आसाराम की अस्थायी जमानत अवधि बढ़ाते हुए मामले में सुनवाई की अगली तारीख तीन सितंबर तय की।

### भारत बना रहा 40 मंजिला ऊंचा रॉकेट

**हैदराबाद।** इसरो दुनिया के सबसे बड़े रॉकेट्स में से एक बनाने की तैयारी कर रहा है। इसरो चीफ वी नारायणन ने हैदराबाद स्थित उस्मानिया यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बताया कि स्पेस एजेंसी 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रहा है। यह रॉकेट लो अर्थ ऑर्बिट में 75,000 किलो यानी 75 टन वजन ले जाने में सक्षम होगा।

## डोभाल से मिले चीनी विदेश मंत्री, एलएसी पर तनाव कम करने चर्चा

# ‘सीमा पर बना हुआ है सौहार्द और शांति दोनों देशों ने दिखाया सकारात्मक रुख’



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के बीच मंगलवार को अहम बैठक हुई। इस दौरान डोभाल ने कहा कि सीमा पर शांति और सौहार्द बना हुआ है। मुझे उम्मीद है कि विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन का दौरा करने वाले हैं। चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक के दौरान एनएसए अजीत डोभाल ने कहा, ‘एक सकारात्मक रुख देखने को मिला है। सीमा पर शांति है। सौहार्द बना हुआ है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने पिछले अक्तूबर में कजान में एक नया रुख स्थापित किया और तब से हमें काफी फायदा हुआ है। जो नया माहौल बना है, उससे हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद मिली है, जिन पर हम काम कर रहे हैं।’ डोभाल ने कहा, ‘मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह यह 24वीं विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए भारत आएंगे। इसलिए मुझे लगता है कि ये विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं।’

**खास बातें**

- एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन का दौरा करने वाले हैं मोदी
- दोनों नेताओं का दावा, सफल होगी 24वीं विशेष प्रतिनिधि स्तर वार्ता

## चीन ने कहा- शीर्ष नेताओं की मीटिंग से खुली राह

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा, ‘सीमा विवाद पर चीन और भारत के विशेष प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के इस दौर के लिए नई दिल्ली में आपसे फिर मिलकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में हमें जो असफलताएं झेलनी पड़ीं, वे दोनों देशों की जनता के हित में नहीं थीं। फिर पिछले साल अक्तूबर में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच कजान में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। उस बैठक ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों के विकास की दिशा तय की और सीमा विवाद के उचित समाधान के लिए प्रोत्साहित किया।’

चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि सीमाओं पर अब जो स्थिरता बहाल हुई है, उसे देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के अंत में विशेष प्रतिनिधियों की 23वें दौर की वार्ता बहुत अच्छी रही। उस बैठक में हम मतभेदों के समाधान, सीमाओं को स्थिर करने और समाधान की दिशा में आगे बढ़ने पर एक नई और महत्वपूर्ण सहमति पर पहुंचे। हमने विशिष्ट लक्ष्यों की पहचान की और एक कार्यशील ढांचा तैयार किया। सीमाओं पर अब जो स्थिरता बहाल हुई है, उसे देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है। मैं भारतीय पक्ष के विशेष प्रतिनिधि के रूप में आपके (डोभाल) प्रयासों की सराहना करता हूं।

**मोदी की यात्रा हमारे लिए महत्वपूर्ण**

यी ने कहा, ‘चीन एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा को बहुत महत्व देता है। यह यात्रा हमारे ही न्योते पर हो रही है। हमारा मानना है कि भारतीय पक्ष भी तियानजिन में एक सफल शिखर सम्मेलन में योगदान देगा। इतिहास और वास्तविकता एक बार फिर साबित करती है कि एक स्वस्थ और स्थिर चीन-भारत संबंध हमारे दोनों देशों के मौलिक और दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करता है। यह वही है, जो सभी विकासशील देश देखना चाहते हैं।’

## राहुल-तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा पहुंची नवादा, हिसुआ और वारिसलीगंज

# ‘चुनाव आयोग और भाजपा की साझेदारी से हो रही वोट चोरी’



एजेंसी ▸▸ नवादा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को ‘वोटर अधिकार यात्रा’ के तहत नवादा जिले के हिसुआ, नवादा और वारिसलीगंज पहुंचे। गया-नवादा बॉर्डर (तुंगी) से प्रवेश करते ही महागठबंधन नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। नवादा के भगत सिंह चौक पर आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के बहाने गरीबों के वोट काटे जा रहे हैं। चुनाव आयोग और भाजपा की साझेदारी से वोट चोरी हो रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि किसान सुबोध कुमार ने लोकसभा चुनाव में मतदान किया और पोलिंग एजेंट भी रहे, लेकिन अब उनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि पहले आपका वोटर आईडी छीना जाएगा, फिर राशन कार्ड और अंत में जमीन। यह देश अदानी-अंबानी का नहीं, बल्कि किसानों और मजदूरों का है।

**अगली बार राहुल को प्रधानमंत्री बनाएंगे : तेजस्वी**

*राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने महागठबंधन की बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर अहम घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगली बार जब भी लोकसभा चुनाव होगा, हम राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर गरीबों के वोट का अधिकार छीन रहे हैं। एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में कई लोगों को नाम काट दिया गया है। जो जीवित हैं, जिन्होंने लोकसभा चुनाव में वोट दिया था, उन्हें अभी मृत घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ‘ये चुनाव आयोग और भाजपा के लोग समझते हैं कि बिहार के लोगों को चूना लगा देंगे, लेकिन हम बिहारी हैं। एक बिहारी सब पर भारी। इस बार जनता पाई-पाई का हिसाब लेगी।’*

**मुंबई में महाबारिश...**



**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मंगलवार को बारिश के बीच जलभराव वाली सड़क से गुजरते यात्री। गौरतलब है मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में इन दिनों जमकर बारिश हो रही है। जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सुप्रीम कोर्ट ने बताया सही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सही ठहराया है। साथ ही उसे और उसके 30 वर्षीय पति को संरक्षण दिए जाने के हाई कोर्ट के फैसले को भी बरकरार रखा है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को भी फटकार लगाई है। आयोग ने इस लड़की की उम्र का हवाला देते हुए शादी पर सवाल उठाया था और इसे पॉस्को का उल्लंघन बताया था। .हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर सहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि अगर लड़की 15 साल की उम्र पार कर चुकी है तो मुस्लिम पर्सनल लॉ के मुताबिक वह मनपसंद व्यक्ति से शादी कर सकती है। इससे बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉस्को) के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता। हाई कोर्ट ने आशियाना, उसके पति जावेद और उसके बच्चे को सुरक्षा दी थी ताकि पारिवारिक सदस्यों समेत धमकी देने वाले सभी लोगों से उनकी हिफाजत हो सके।

**सुप्रीम कोर्ट ने की खिंचाई**

मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपीसीआर की खिंचाई की। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर हाई कोर्ट दो नाबालिगों, आशियाना और उसके बच्चे को सुरक्षा दे रहा है तो इसे चुनौती देने का कोई मतलब नहीं है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि हम समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर एनसीपीसीआर नाबालिगों के संरक्षण में क्या गलत देख रहा है? बता दें कि इस मामले में हाई कोर्ट ने सिर्फ कपल की शादी को ही सुरक्षा नहीं दी थी। बल्कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के उस दावे को भी गलत बताया था, जिसमें आयोग ने लड़की की उम्र कम होने के चलते इसे बाल विवाह और बाल यौन उत्पीड़न बताया था। हाई कोर्ट के मुताबिक मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के हिसाब से यह शादी वैध है।

### पीएम मोदी का कार्टून मालवीय मांगेंगे माफी

**इंदौर।** इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस से माफी मांगेंगे। विवादित कार्टून बनाने के चलते इंदौर के युवक ने हाईकोर्ट फिर सुप्रीम कोर्ट से मालवीय की शिकायत की थी। मालवीय के कार्टून में आरएसएस की वर्दी पहने एक व्यक्ति को शॉर्ट्स उतारे हुए और प्रधानमंत्री मोदी को इंजेक्शन लगाते हुए दिखाया गया था।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/1034 Raipur, date 18-08-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/HTPS-KW/W/2025/91 | Internal Renovation works of old D type staff Qtrs. (80 units) of Zone AB & FG Colony of HTPS CSPGCL, Korba West (Phase-I) | 306.22 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

## गाजा में आएगी शांति?

# सीजफायर पर हमास राजी गेंद नेतन्याहू के पाले में



एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

दुनिया में इस समय दो मार्चों पर बड़े पैमाने का युद्ध चल रहा है। एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है तो दूसरी तरफ इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है जिसका खामियाजा गाजा की आम जनता भुगत रही है। दोनों ही जंग को रोकने की पुरजोर कोशिश भी चल रही है। इस बीच इजारयल-गाजा मोर्चे से एक बड़ी खबर सामने आई है। 22 महीने से अधिक समय से चले आ रहे इस युद्ध को समाप्त करने के लिए ताजा राजनयिक प्रयास के बाद हमास ने गाजा के लिए एक नए युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 3025/लो.क.वि/न.पा.नि./ 2025 रायगढ़ दिनांक 18/08/25

**।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत विधायक मद से वार्ड क्र. 41 में शेड निर्माण कार्य। (छातामुड़ा बीच बस्ती में पोस्ट ऑफिस के पास)- लागत राशि रु. 09.76 लाख से निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ‘अ’ में दिनांक 09/09/25 तक दरें आमंत्रित है। विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ कार्यालय एवं वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/ uad.cg.gov.in से का अवलोकन कर सकते हैं।

**कार्यपालन अभियंता**
**न.पा.नि. रायगढ़**

**इंडियनऑयल**
IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388
विपणन प्रभाग पश्चिमी क्षेत्र

**आईओसीएल (विपणन प्रभाग) पश्चिमी क्षेत्र में अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत ट्रेड/तकनीशियन/स्नातक अप्रेंटिस की नियुक्ति हेतु अधिसूचना**

इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत का एक सबसे बड़ा वाणिज्यिक उपक्रम और फॉर्च्यून ''ग्लोबल 500'' कंपनी राष्ट्र के लिए कौशल निर्माण पहल के रूप में **भारत के राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव, केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली** में अपने स्थानों पर **तकनीशियन, ग्रेजुएट एवं ट्रेड अप्रेंटिस (तकनीकी एवं गैर-तकनीकी)** को नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है।

विज्ञापन का पूरा विवरण मानदंड सहित आयु, योग्यता, छूट, रियायत, आरक्षण आदि हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट **https://www.iocl.com/apprenticeships** पर प्रकाशित की गई है।

**आवेदन कैसे करें:** निर्धारित योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार **16.08.2025 को 10:00 hrs** से उपरोक्त वर्णित संबंधित राज्य के अंतर्गत पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **15.09.2025 को 17:00 hrs** है।

कोई भी अनुवर्ती अधिसूचना/विषय-वस्तु में संशोधन केवल हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट **https://www.iocl.com/apprenticeships** पर अधिसूचित किया जाएगा।

**नोटः अप्रेंटिस को नियमित रोजगार देने की कॉर्पोरेशन की कोई बाध्यता नहीं होगी। अप्रेंटिस के पास अप्रेंटिसशिप के दौरान तथा कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात कभी भी नियमित रोजगार के लिए दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। इस अप्रेंटिसशिप से आईओसीएल पर अप्रेंटिस को नौकरी प्रदान करने की कोई बाध्यता नहीं होगी।**

विज्ञापन सं.: **IOCL/MKTG/WR/APPR/2025-26**

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**

**सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक**

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 20.08.2025



# मानवीय जीवन के आदर्श की अभिव्यक्ति है कारी

लोक नाट्य

डा. संतराम देशमुख

छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य कारी आंचलिक संस्कृति और मानवीय जीवन के आदर्शों की अभिव्यक्ति है। कारी दुख सुख की ऐसी किताब है जिसमें हर शब्द में प्रेम, हर पंक्ति में दया और वाक्यों में करुणा का दर्शन है, मातृत्व का उमड़ता सागर है तो उनके प्रत्येक पृष्ठ पर अत्याचार, शोषण एवं अन्याय भी है। शोषित, पीड़ित, उपेक्षित, भारतीय नारी की प्रतिनिधि है कारी। संस्कृति और पुरूष प्रधान समाज में गिरफ्त नारी को उबारने का आह्वान है। छत्तीसगढ़ी परम्परा में विधवा होने के बाद चूड़ी पहनने की प्रथा को तोड़ कर परम्परा को एक नया मोड़ दिया है, जिससे जीवन शैली में एक नई क्रांति आई है जो सराहनीय है। कारी का विवादग्रस्त अभिनय



लोगों के मन का आकर्षण है। कारी गांव की अबूझ भोली भाली नारी का प्रतीक है। कारी के विधवा होने का दृश्य देखने वालों की आंखों को नम कर देता है। कारी के दुख में सबको सहभागी बना देता है। संवाद में व्यंग्य के तीखे प्रहार का स्वर भी उभरा है। सचमुच छत्तीसगढ़ की नारी भूखी, अभावग्रस्त और अनपढ़ होते हुए भी सरल होती हैं। श्रम करती हैं और अपना जीवनयापन हर स्थिति में कर लेती हैं, उसके हृदय में प्रेम की गंगा सदा प्रवाहित होती रहती है। वह ममतादायिनी है। कारी के प्रदर्शन में संवाद प्रेम साइमन और निर्देशन राम हृदय तिवारी तथा कारी की भूमिका शैलजा ठाकुर ने की है। अन्य प्रमुख कलाकारों में कृष्ण कुमार चौबे, विजय मिश्रा, विनायक अग्रवाल, विसंभर यादव, ध्रुव सिंह, चतरु साहू, सुरेश यादव, नवल मानिकपुरी, भैया लाल हेड़ाऊ, गिरजा सिन्हा के अलावा अनेक बाल कलाकारों ने कारी के प्रदर्शन को जीवंत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

लोक साहित्य

डा. अनसूया अग्रवाल

## बाल साहित्य में द्वितीय वर्ग का स्थान



बाल साहित्य के अंतर्गत द्वितीय वर्ग में सात से लेकर 14 वर्ष के बच्चों के मनोभावों पर केंद्रित रचनाएं की जाती हैं। ऐसी रचनाओं के लेखन में बच्चों के ग्राहय क्षमता और आसपास के परिवेश को ध्यान में रखा जाता है। इस वर्ग के बालक रचनाओं का आशय, भाव, उद्देश्य, महत्व को समझकर उसमें आनंद भी लेने लगते हैं। संस्कारों का बीजारोपण भी इस वर्ग की रचनाओं से प्रारंभ हो जाता है। बच्चों के चरित्र निर्माण की पहल और उनकी बाल सुलभ जिज्ञासाओं के समाधान का भी ध्यान यहां दिया जाता है। इस अवस्था के बच्चे लिखित साहित्य के अतिरिक्त दृश्य और श्रव्य साहित्य को समझने लगते हैं। सुग्राह्य विषय वस्तु और सरस एवं सरल भाषा के अतिरिक्त काल्पनिकता का समावेश तथा उसके आसपास के वातावरण में जो वस्तुएं विद्यमान हैं, उनसे संबंधित तथा उनके खेलकूद, उल्लास आदि से संबंधित शब्दों का प्रयोग भी इस वर्ग के साहित्य में होने लगता है। इस वर्ग के बालकों के अनुभव का क्षेत्र शनैः शनैः पास पड़ोस की सीमा से बढ़कर समाज, राष्ट्र तथा विश्व तक फैलने लगता है। अनुभव क्षेत्र के विस्तार के विस्तार के साथ साथ उनके कर्तव्य और दायित्व का बोध भी विस्तार पाने लगता है। अतः कल्पना के साथ यथार्थ जगत से भी बालक जुड़ने लगता है। इसलिए कुमार अवस्था के बच्चों के लिए संस्मरण, आत्मकथा, यात्रावृत्त, चुटकुले, कविता, नाटक, एकांकी, कहानियां, पहेलियां, जागरण गीत आदि लिखे जाते हैं, जिनमें मनोवैज्ञानिकता और रोचकता होती है।

लोकगीत

डा. मोहन लाल

## भोलेनाथ की आराधना आंचलिक गीतों में



छत्तीसगढ़ अंचल के लोकगीतों में भगवान शिव और पार्वती के सम्बन्ध में जहां एक ओर अनेक लोकगाथाएं प्रचलित हैं, वहीं दूसरी ओर इनके आदर्श दाम्पत्य जीवन की सुंदर झांकी मिलती है। शिव व पार्वती के संयोग से ही इस जीवात्मा को मुक्ति प्राप्त होती है। शिव परमात्मा है। भक्ति भवसागर तारने वाले नौका सदृश जब मन निष्काम हो जाता है और अपने परमात्मा में लीन हो जाता है तो परमात्मा अपनी भक्ति से अंधकार पक्ष को हटा लेते हैं और ज्ञान का प्रकाश देकर उसे मुक्ति का मार्ग बताते हैं। भगवान शिव के भ्रमण के दौरान भगवान राम की परीक्षा लेते हैं, जिसका वर्णन इस तरह लोक गीत में दिखता है -

*ओ हो ये दे रे सती शंका मन धरे।*
*दशरथ सूत राम नाम परे हो*
*सती शंका मन धरे*
*राम के तिरिया ल*
*रावण हर चोरी चोरी लेहिस।*
*तेला खोजे डोंगरी पहारे*
*ओ हो ये दे रे रामा हे*
*अलख जोत अनाम बिचारे।*

इस तरह भगवान शिव और पार्वती के लीलाओं का विविध रूपो में वर्णन हमारे लोकगीतों में मिलते हैं।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भितिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

जनजाति विशेष

डा. वेदवती मंडावी

# कवधूरागढ़ और गोंडवाना समाज




वर्तमान में कवर्धा या कबीरधाम स्वतंत्र जिला बन चुका है। कवर्धा मैंकल श्रृंखलाओं में स्थित है। इसका प्राचीन नाम कवधूरागढ़ था। यहां नाग चिन्हधारी राजा भोरमदेव प्रथम राजा हुए, जो गढ़ मंडला के नाग गंडचिन्ह धारक नागदेव राजा का बड़ा भाई था। इनके वंशजों ने कवधूरागढ़ में मड़वा महल, छेरकी महल, खंडवा महल, छपरी महल के अतिरिक्त भोरमदेव नामक शंभू महादेव देवालय बनवाया। जिसका अवशेष अभी भी है। रंगेल सिंह द्वारा लिखित गणवीरों की गाथा में गढ़ मंडला के पोल सिंह नामक नाग गंडचिन्ह धारक उईकाल गोत्रिय राजा के तीन पुत्र थे। पोल सिंह के मरणोपरांत अपने पिता के राज्य को तीन संभावों में विभाजित किया। गढ़ मंडला, कवधूरागढ़ और पांचाल गढ़। यह वही कवधूरागढ़ है जहां भूरदेव के पश्चात ई पूर्व 385 से 800 तक वहां नलदेव, ओलिसुर, बारीसुरमुरपाल, मंगा सुर, वीर सिंह, भुर पाल, लमकापुर, मादो सिंह, जुगा दर , मालू कोमा, नाग मुरा, हर देव आदि बीस राजाओं का शासन था।

नवीं शताब्दी में वहां अहिराज नामक नाग गंडचिन्ह धारक राजा सत्ता में आया। वहां प्राप्त शिलालेखों में अहिराज सज्जल, धारणी घर, महिम देव, सपन देव, गोपाल देव, भुवन पाल,




कीर्ति पाल, जगत पाल, महिपाल, छन्नू पाल, भुवन, कमल, भीमा देव, हरि पाल राजाओं ने नौवीं से तेरहवीं शताब्दी तक राज्य किया। बाद में गढ़ मंडला के राजा मदन सिंह के अधिपत्य में आ गया। इस गढ़ के शासकों ने गोंडवाना समुदाय के देश काल, रुचि और धार्मिक आस्थाओं के अनुसार निर्माण कार्य विकसित किया। सबसे अधिक कार्य छठी पीढ़ी के राजा गोपाल देव एवं अंतिम राजा राम चंद्रा ने प्रचलित शैली एवं मान्यताओं को विकसित किया। भोरमदेव देवालय शम्भू महादेव जो गंड समुदाय के पंचखंड धरती के स्वामी और जीववादी जीवन शैली के प्रणेता थे, उनकी याद में भोरमदेव बनाया गया। जिसमें मंडला राजा रानी द्वारा बूढ़ा देव की आराधना करते हुए दिखाया गया है। मंदिर के ऊपरी हिस्से में गज और उस पर सिंह वाला गोंडवाना राज चिन्ह अंकित है। यहां शैव एवं वैष्णव देवी देवता हैं, इसका मतलब उन्होंने सभी धर्मों को राजाश्रय दिया।

पर्यटन: डा.डी पी देशमुख



# जल संग्रहित करने का कृत्रिम झील दलपत सागर

पानी के अंधाधुन दोहन से जमीनी स्तर पर जल का श्रोत निरंतर नीचे होता जा रहा है।भविष्य में यह जल संकट का स्पष्ट संकेत है, इसके लिए कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तरह का प्रयास बरसाती सीजन में अतिरिक्त पानी को संग्रहित करने का प्रयोग जगदलपुर में सैकड़ों वर्ष पूर्व से सबसे बड़े कृत्रिम झील 'दलपत सागर' का निर्माण जल संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक है। 17 वीं सदी में लगभग 400 वर्ष पूर्व बस्तर के तत्कालीन राजा दलपत राय कांकतीय ने 350 हेक्टेयर जमीन में वर्षा जल के संचयन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह कार्य जल संग्रहण के साथ ही प्रकृति संतुलन की दिशा में ऐतिहासिक माना जाता है। वर्तमान समय में इस तरह के कार्यों की सार्थकता बढ़ जाती है।राजा ने बरसाती सीजन के अतिरिक्त जल के संचयन हेतु राजमहल के पास तीन तालाबों का उत्खनन करा कर उसे विशाल झील का स्वरूप दिया जो जगदलपुर शहर के बीचों बीच दलपत सागर के रूप में प्रसिद्ध है। इस विशाल झील में संग्रहित जल का उपयोग शहर के पेयजल, खेतों की सिंचाई,



जनसामान्य के दिनचर्या के कार्य एवं मछली पालन जैसे विविध कार्यों के लिए किया जा रहा है।इसके साथ ही पिकनिक स्पॉट के रूप में लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। इस झील की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने हेतु यहाँ पर प्रकाश स्तंभ, संगीतमय फव्वारा, झील के बीचों- बीच कृत्रिम द्वीप, देवी काली मां मंदिर में जैसे धर्म-कर्म संबंधित कार्य होने से इसका धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व बढ़ गया है। जनआस्था के अनुरूप दलपत सागर के सौंदर्यीकरण, रख-रखाव एवं अन्य उपयोगी सुविधाओं को विकसित करने से इसकी प्रसिद्धि पर्यटन के अनुरूप होने से इसका महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है।

सुरता

डा. राजेश कुमार मानस

## वास्तव में पथ प्रदर्शक थे पथिक जी


कृष्ण कुमार भट्ट ' पथिक ' जी बिलासपुर और मुंगेली के साहित्यकारों के बीच अपनी साहित्यिक गतिविधियों से अलग पहचान बनाई थी। भट्ट जी छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रति जितने समर्पित रहे, उतने ही हिंदी साहित्य में आपका लगाव रहा। आपने अनेक सामाजिक और साहित्यिक संस्थाओं से भी जुड़ कर अपना सक्रिय योगदान देते रहे। आपकी अनेक पुस्तकें प्रकाशन के लिए तैयार रही, लेकिन प्रकाशन होकर जन समक्ष नहीं आ सका। आप प्रदेश ही नहीं अन्य राज्यों में भी अपनी साहित्यिक पहचान बनाई थी। आपने ' संदर्भ साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था ' के माध्यम से सैकड़ों साहित्यकारों को मंच प्रदान किए। राकेश गुप्ता, देवेन्द्र परिहार, नंदराम यादव, देव गोस्वामी,सत्यनारायण तिवारी, रमेश चौहान जैसे अनेक साहित्यकारों को आपका सानिध्य मिला। आपके द्वारा लिखित गद्य और पद्य दोनों पर कई शोध पत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं। आपने कई पत्र पत्रिकाओं का संपादन भी किया है। आपका चित परिचित मुक्तक रहा है -



दीपों का प्रकाश उसे क्या
जिसने केवल तम बांटा है
खुशी उसे क्या चाहिए
जिसने केवल गम बांटा है
युग चाहे जैसा हो लेकिन
प्रश्न सदा उठता है
शांति भला उन हाथों को क्या दें
जिनने केवल गम बांटा है।

सदैव नवांकुरों को मार्ग दिखाने वाला पथ प्रदर्शक यह पथिक जीवन के पार अनंत के रास्ते का अनुगामी बन सदैव के लिए अपने विचारों और रचनाओं को हमारे लिए छोड़ 8 जून 2023 को अपने अनंत सफर में निकल कर परम धाम में चले गए।

ऐतिहासिक: संजय अलंग



# पेंडरा जमींदारी का भी अपना अलग महत्व रहा

पेंडरा जमींदारी का क्षेत्रफ़ल 774 वर्ग मील था। इसमें 225 ग्राम थे। यहां के जमींदार अपने नाम के पूर्व लाल लगाते थे। कहा जाता है कि, कल्चुरी आश्रय में दो भाई थे -हिंदू सिंह और छिंदू सिंह। इन्हें एक सड़क के किनारे बोरा भर द्रव्य मिला। उन्होंने इसे कल्चुरी शासक को दे दिया। इस ईमानदारी का इनाम पेंडरा जमींदारी के रूप में दिया गया। इसके उपरांत उनकी 12 पीढ़ियां यहां जमींदार रहीं। आगे चलकर हिन्दू सिंह के वंशज , पेड़रा के उपरांत, केन्दा उपरोड़ा और मातिन की जमींदारिया पाने में भी सफल रहे। मराठों के आगमन के समय यह जमींदारिया हिंदू सिंह के वंशजों के पास थी। 1798 में मराठों की दृष्टि टेढ़ी हुई। इसके पूर्व मराठे, मुंगेली और नवागढ़ पर कुदृष्टि डाल चुके थे। अतः जब मराठा सूबा केशव पंत द्वारा जमींदार पृथ्वी सिंह को रतनपुर आने का बुलावा आया तो वह पहले ही आशंकित हो सचेत हो गया। वह नहीं गया। अतः सूबा केशव पंत ने जमींदारी जब्त कर ली। पृथ्वी तीर्थ यात्रा का निमित्त कर भाग गया। अब पेंडरा जमींदारी एक गोंड जमींदार को दी गई। 1804 में



सुहागपुर जमींदार द्वारा पेंडरा पर आक्रमण कर दिया गया। गांव को जला दिया गया। तब भोंसला जमींदार धन सिंह ने डट कर मुकाबला किया और आक्रमणकारियों को वापस भगा दिया। धन सिंह को इस वीरता पुरस्कार के स्वरूप पेंडरा की जमींदारी दी गई। 1818 में जब अंग्रेजसत्ता आई और एग्न्यु छत्तीसगढ़ का सुप्रिटेंडेंट बना तो धन सिंह के वंशज अजीत सिंह को दी गई थी। पेंडरा शब्द पिंडारी से बना।

# देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में खुशी की लहर, कपास पर इम्पोर्ट ड्यूटी 42 दिन के लिए हटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास पर आयात शुल्क में छूट दे दी है। इससे देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को राहत मिली है, जो पहले से ही कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी टैरिफ जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। इस इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना था कि छूट से इस सेक्टर को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी। जारी आदेश में कपास के आयात पर सीमा शुल्क में अस्थाई छूट की घोषणा की गई।


अमेरिका ने पहले भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया। इसके बाद रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की भी धमकी दी। वहीं, दूसरे एशियाई देशों जैसे कि बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत, वियतनाम पर भी 20 प्रतिशत और चीन पर 30 प्रतिशत का टैरिफ लगाया गया है, जो भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत के भारी-भरकम टैरिफ से कम है।

## सरकार ने 30 सितंबर तक कपास पर आयात शुल्क से छूट दी

### विनिर्माता विकल्पों की तलाश में

एक रिपोर्ट में बताया गया कि ऊंचे टैरिफ के असर से बचने के लिए कुछ भारतीय एक्सपोर्टर्स दूसरे देशों में मैन्युफैक्चरिंग के विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। देश का गारमेंट सेक्टर पहले से ही लेबर में कमी और अपनी लिमिटेड प्रोडक्शन कैपेसिटी से जूझ रहा था। अब अगर एक्सपोर्टर्स दूसरे देशों में मैन्युफैक्चरिंग करने लगेंगे, तो यह सरकार के 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए एक चुनौती होगी।

- उद्योग पहले ही कच्चे माल की बढ़ती कीमत व कई चुनौतियों से जूझ रहा



### शेयरों में आया उछाल

इधर, इस खबर के आने के बाद अरविंद लिमिटेड और पेज इंडस्ट्रीज जैसी कई कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली। जहां ढाई प्रतिशत की उछाल के साथ अरविंद लिमिटेड के शेयर 300 के पार चले गए। वहीं, 275 रुपये की बढ़त के साथ पेज इंडस्ट्रीज के शेयर 45,750 रुपए पर पहुंच गया।

### भारत के सामने आई यह चुनौती

भारत का लक्ष्य 2030 तक कपड़ा निर्यात को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। अमेरिकी टैरिफ की परेशानी एक ऐसे वक्त में सामने आई है, जब भारत अमेरिका में कपड़ों की खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए एक मजबूत विकल्प बनकर उभर रहा है क्योंकि बांग्लादेश राजनीतिक अनिश्चितता का सामना कर रहा है और कंपनियां चीन से परे अपनी सप्लाई चेन में विविधता लाने की कोशिश कर रही हैं।

### सरकार के समक्ष रखी गई थी मांग

कंफिडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री (सीआईटीआई) जैसे उद्योग निकायों ने सरकार से कपास पर आयात शुल्क को वापस लेने का आग्रह किया था। इस छूट से पहले कपास के आयात पर 11 प्रतिशत शुल्क लगता था। अब इस उद्योग से जुड़े अधिकारियों को उम्मीद है कि सरकार सितंबर के बाद भी कपास के आयात को ड्यूटी-फ्री रखेगी।

## खबर संक्षेप



### अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप का जेप्टो के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी अभिनंदन लोढ़ा हाउस (एचओएबीएल) ने अपने आवासीय भूखंडों की बिक्री के लिए त्वरित वाणिज्य मंच जेप्टो के साथ गठजोड़ किया है। एचओएबीएल ने मंगलवार को बयान में कहा कि वह शुरुआत में जेप्टो ऐप के माध्यम से वृंदावन, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के नेरल में प्रीमियम भूखंडों का विपणन करेगी। कंपनी के मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) सौरभ जैन ने कहा कि जेप्टो के साथ इस सहयोग से उसकी पहुंच व्यापक होगी।

### आईनॉक्स विंड ने रिन्यूएबल साल्यूशंस में बेची हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी आइनॉक्स विंड लिमिटेड ने अपनी ईपीसी अनुषंगी कंपनी आइनॉक्स रिन्यूएबल सॉल्यूशंस लिमिटेड में 175 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी निवेशकों को 7,400 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर बेच दी है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईनॉक्स रिन्यूएबल सॉल्यूशंस लिमिटेड के विलय के बाद के मूल्यांकन को हाल ही में शेयर बाजारों से ''अनापत्ति प्रमाण पत्र'' मिल गया।

### रिलायंस इंफ्रा को मिला एनएचपीसी से ठेका

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी से 390 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना और 780 मेगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का ठेका मिला है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि एक बार चालू हो जाने पर यह रिलायंस समूह के खंड में 700 मेगावाट सौर डीसी क्षमता और 780 मेगावाट घंटा बीईएसएस क्षमता जोड़ेगी जिससे नए ऊर्जा समाधानों में उसका नेतृत्व मजबूत होगा।

# अमेरिकी शुल्क से भारत की दीर्घकालिक संभावनाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के उच्च शुल्क से भारत की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि सरकार आर्थिक सुधारों पर ध्यान दे रही है और लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बढ़ाकर पिछले सप्ताह 'बीबीबी' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीतिगत उपायों का हवाला देते हुए 19 साल बाद भारत की रेटिंग में सुधार किया है।

**औसत वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहेगी:** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने कहा, '' हम उम्मीद करते हैं कि वृद्धि की यह गतिशीलता अगले तीन वर्ष तक जारी रहेगी और औसत वृद्धि दर करीब 6.8 प्रतिशत रहेगी। अगर भारत में बुनियादी ढांचे और संपर्क में सुधार होता है, तो इससे दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि में बाधा डालने वाली अड़चनें दूर होंगी। साथ ही भारत की संभावित वृद्धि यात्रा और आगे बढ़ेगी।''



### भारत की अर्थव्यवस्था कम व्यापार उन्मुख

उच्च अमेरिकी शुल्क के प्रभाव पर एसएंडपी एशिया प्रशांत के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत कम व्यापार-उन्मुख है, जिसमें बाह्य मांग का योगदान समग्र अर्थव्यवस्था में केवल 15 प्रतिशत है और 85 प्रतिशत घरेलू कारकों द्वारा संचालित है। राणा ने कहा, '' यह एक बहुत ही घरेलू अर्थव्यवस्था है। यह सुरक्षा का एक कारक है।''

### भारत दुनिया का सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश

फुआ ने भारत की रेटिंग बढ़ाने पर आयोजित 'वेबिनार' में कहा कि भारत दुनिया की सबसे मजबूत और सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

### सभी उत्पादों पर उच्च शुल्क लागू नहीं होगा

राणा ने कहा कि एक अन्य कारक यह है कि भारत से निर्यात किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 50 प्रतिशत का उच्च शुल्क लागू नहीं होता है। राणा ने कहा, यह एक जटिल माहौल है। कई ऐसे कारक हैं जो अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले समग्र प्रभाव को कम कर सकते हैं। फिर भी हम अर्थव्यवस्था पर कुछ अल्पकालिक विश्वास-संबंधी प्रभाव देख सकते हैं। अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क सात अगस्त से लागू हो गया है। रूस से कच्चा तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से अमल में आएगा।

## रुपया 40 पैसे की बढ़त के साथ 86.99 प्रति डॉलर



**मुंबई।** सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों के समर्थन से रुपया मंगलवार को 40 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये के सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक के बाद अमेरिका द्वारा अतिरिक्त शुल्क को लेकर चिंता कम होने से निवेशकों की धारणा को बल मिला है।

# ओपनएआई ने भारत में सदस्यता पेश की

**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने भारत में चैटजीपीटी गो की घोषणा की है जिसकी सदस्यता 399 रुपये प्रति महीने से शुरू होती है। कंपनी ने घोषणा की कि सभी चैटजीपीटी सदस्यता का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जा सकेगा, जिससे समूचे भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए ओपनएआई के उन्नत एआई उपकरणों तक पहुंच आसान हो जाएगी।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, '' ओपनएआई, चैटजीपीटी गो की शुरुआत कर रहा है, जो एक नई सदस्यता योजना है। इसे समूचे भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए उन्नत एआई उपकरणों को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए तैयार किया गया है, क्योंकि ओपनएआई के उपकरणों को अपनाने की प्रवृत्ति पूरे देश में तेजी से बढ़ रही है।'' नई योजना मौजूदा सदस्यता स्तरों के अतिरिक्त है, जिसमें चैटजीपीटी प्लस (1,999 रुपये प्रति माह) शामिल है। उन पेशेवरों एवं उद्यमों के लिए जिन्हें उच्च पैमाने, अनुकूलन एवं सबसे उन्नत मॉडल तक पहुंच की आवश्यकता है उनके लिए ओपनएआई के पास चैटजीपीटी प्रो (19,900 रुपये प्रति माह) है।

## कोल इंडिया ने कोंकण रेलवे के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने कंपनी एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के लिए रेल अवसंरचना विकसित करने के वास्ते कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की मंगलवार को जानकारी दी। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाली सीआईएल कोयला परिवहन में सुधार के लिए अपने रेल बुनियादी ढांचे को सक्रिय रूप से मजबूत कर रही है।

# तीज–पोला पर सुमीत बाज़ार में ऑफ़र्स की धूम

- '79 ऑफ़र' बना ग्राहकों की पहली पसंद

**रायपुर।** त्योहारों के इस खास मौसम में छत्तीसगढ़वासियों के लिए सुमीत बाज़ार ने एक बार फिर खुशियों की सौगात पेश की है। "खूबसूरती तीज़ की, साड़ी सुमीत की" थीम के तहत शुरू किया गया 79 उत्सव ऑफ़र ग्राहकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पारंपरिक तीज और पोला पर्व की तैयारियों के बीच लोगों की खरीदारी का रुख अब सुमीत बाज़ार की ओर बढ़ता दिख रहा है। इस खास ऑफ़र के तहत ग्राहक महज़ 79 में प्रीमियम गिफ्ट्स हासिल कर सकते हैं, वो भी चुनिंदा खरीदारी की शर्त पर। 3499 की खरीदारी पर 1799 की लॉमैन किंग साइज बेडशीट, 4499 पर 3999 का नॉटिका ब्रांडेड डफल बैग, 6999 पर इंटीग्रिटी टॉवल सेट और 11999 की खरीदारी पर 4999 का प्रीमियम ट्रॉली सूटकेस – ये सब कुछ सिर्फ 79 में मिल रहे हैं।त्योहारों की रौनक के बीच सुमीत बाज़ार में साड़ियों, सूट्स, लहंगे, जीन्स, शर्ट्स और बच्चों के कपड़ों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। हर उम्र और वर्ग के ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए यहाँ नया और ताज़ा कलेक्शन पेश किया गया है, जो स्टाइल, क्वालिटी और किफ़ायत का बेहतरीन मेल है। सुमीत बाज़ार के मैनेजिंग डायरेक्टर संयम कांकरिया ने बताया, हम चाहते हैं कि हर ग्राहक इस त्योहार को खास महसूस करे। इसलिए हमने यह अनोखा 79 ऑफ़र लॉन्च किया है, जिसे लोगों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है।



## आईओसी का ईंधन आपूर्ति के लिए एयर इंडिया से समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने एयर इंडिया को पर्यावरण अनुकूल विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह भारत में हरित और स्वच्छ विमानन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईओसी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी के अनुसार, कंपनी इस साल दिसंबर से अपनी पानीपत रिफाइनरी में इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से पर्यावरण अनुकूल विमानन ईंधन (एसएएफ) का उत्पादन शुरू करने की योजना बना रही है। इस संयंत्र से आईटीसी और हल्दीराम जैसी होटल और रेस्तरां से इस्तेमाल के बाद बचे अपशिष्ट खाना पकाने के तेल का उपयोग करके सालाना 35,000 टन हरित ईंधन का उत्पादन होने की उम्मीद है। एसएएफ गैर-पेट्रोलियम कच्चे माल से बना एक वैकल्पिक ईंधन है जो हवाई परिवहन से होने वाले उत्सर्जन को कम करता है। उपलब्धता के आधार पर इसे पारंपरिक विमान ईंधन (एटीएफ) में 50 प्रतिशत तक मिलाया जा सकता है। भारत ने 2027 से अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों को बेचे जाने वाले जेट ईंधन में एक प्रतिशत एसएएफ मिश्रण अनिवार्य कर दिया है।

**कम कार्बन वाले ईंधन की स्वीकार्यता बढ़ेगी :** आईओसी ने बयान में कहा, ''कंपनी ने मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता 'विमानों में कम कार्बन उत्सर्जन वाले ईंधन की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने, वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्यों का समर्थन करने और पर्यावरण अनुकूल हवाई परिवहन संचालन की ओर बदलाव में योगदान करने के लिए दोनों पक्षों की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।''


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, कोरबा

क्र. कार्यको/विज्ञा./क्रय/1849 कोरबा, दिनांक : 19.08.2025

**बिजली बन्द की सूचना**

कार्यपालन अभियन्ता (संचालन/संधारण) संभाग, छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं. लिमि, कोरबा के दीपका उप-संभाग अंतर्गत आने वाले सर्व सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि दीपका उपसंभाग के अंतर्गत वितरण केन्द्र हरदीबाजार में 33/11 उपकेन्द्र हरदीबाजार में पावर ट्रांस्फार्मर स्थापित करने के कारण निम्नांकित फीडर उपकेन्द्रो में उनके समक्ष दर्शाये गये दिनांक एवं दिन के अनुसार प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्णतः/अंशतः बन्द रहेगी।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.08.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. हरदीबाजार टाउन फिडर | हरदीबाजार शहर एवं आसपास के क्षेत्र। |
| | | | 11 के.व्ही. रेंकी फिडर | रेंकी, सुवाभोडी एवं आसपास के क्षेत्र। |
| | | | 11 के.व्ही. उतरदा फिडर | नेवसा, उतरदा, रेलडबरी, लोटनापारा एवं आसपास के क्षेत्र। |

1. आवश्यकतानुसार समय-सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है।
2. विद्युत देयक का भुगतान समय सीमा में करते हुये विद्युत विच्छेदन जैसी अप्रिय परिस्थितियों से बचें एवं कम्पनी को सहयोग प्रदान करें।

कार्यपालन अभियन्ता (सं./सं.)
छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि, कोरबा
संवाद-44942

## State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर
Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496
Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

पत्र क्र./RIMC परीक्षा/2025/2724/ रायपुर दिनांक 13.08.2025

**//सूचना//**

विषयान्तर्गत RIMC देहरादून द्वारा जून 2025 में आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया है। यह परिणाम अपरिहार्य कारणों से RIMC देहरादून के वेबसाइट में अपलोड नहीं किया जा सका है। उक्त परिणाम परिषद के वेबसाइट www.scert.cg.gov.in में अपलोड किया गया है। उक्त परिणाम SCERT के वेबसाइट से देखी जा सकती है।

(जे.पी. रथ)
अतिरिक्त संचालक एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग., रायपुर
जी. 252602887/2

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 231/निर्माण/2025 दिनांक 14.08.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 10 अंतर्गत स्थित शा. प्रा. शाला बरबसपुर में नवीन भवन का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या. मद) (तृतीय निविदा) | 16.95 | 01.09.2025 (T.No. 173781) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 329/निर्माण/2025 दिनांक 14.08.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परिवहन नगर जोन अंतर्गत स्थित प्रेस काम्पलेक्स में महिला एवं पुरूष शौचालय का निर्माण कार्य (जिला खनिज न्यास मद) (चतुर्थ निविदा) | 10.00 | 01.09.2025 (T.No. 173802) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु निम्नानुसार हरदी–भटचौरा समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्य हेतु Risk and cost पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रं. | निविदा आमंत्रण क्रं/दिनांक/सिस्टम नं. | जिला /समूह जल प्रदाय योजना का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 326/14-08-2025 173783 | बिलासपुर हरदी–भटचौरा | 2236.55 |

Important Events and Time Schedule - Date of calling NIT-14-08-2025, Bid Start Date -21-08-2025, Pre Bid meeting date- 29-08-2025, Bid Due Date- 11-09-2025, PHY Doc. Submission last Date-17-09-2025, PQ Document Download Date- 18-09-2025

**नोट :**-उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 18.08.2025 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ)
कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)
जी. 252602869/3

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in WRD
Portal:http://wrd.cgeprocurement.gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित सिस्टम निविदा क्रमांक 163455, जिला एवं विकासखण्ड बस्तर के ग्राम बनियागांव के समीप मारकण्डी नदी पर बनियागांव स्टापडेम सह रपटा निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण), निविदा सूचना क्रमांक 42/वलेलि/24-25 दिनांक 31.12.2024, जिसका जी नंबर 242504984 दिनांक 01.01.2025 एवं सिस्टम निविदा क्रमांक 163457 जिला एवं विकासखण्ड बस्तर के ग्राम सिवनी के समीप नारंगी नदी पर सिवनी एनीकट सह रपटा निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण), निविदा सूचना क्रमांक 43/वलेलि/24-25 दिनांक 31.12.2024, जिसका जी नंबर 242504984 दिनांक 01.01.2025 है, को निम्नतम निविदाकार (L-1) द्वारा अनुबंध नहीं करने के कारण निरस्त किया जाता है ।

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.
जी. 252602886/6

## State Urban Development Agency, Chhattisgarh
4th Floor, D Block, Indrawati Bhavan (HOD Building), Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh, 492002, Phone 0771-2222401
Fax 0771/2222409, Email: osd.suda@yahoo.com

**Notice Inviting Tender (2nd Call)**

RFP No. 09/SUDA/PR/3267 Nava Raipur Atal Nagar, Dated 19/08/2025

The State Urban Development Agency (SUDA), Chhattisgarh hereby invites proposals in conformity with the RFP document from registered and authorized agencies having experience and expertise in the similar field of work as per the criteria mentioned in the RFP document as below:

| System Tender No. | Name of The Work | EMD | RFP Document Fee | Last date to download the RFP |
|---|---|---|---|---|
| 173930 | Request for Proposal for Selection of Public Relations Management Agency for State Urban Development Agency (SUDA), Chhattisgarh (2nd Call) | INR 5,00,000/- | INR 10,000/- | 03.09.2025 |

The details regarding conditions stipulated in the RFP, EMD, Key dates for submission, detailed RFP, RFP document and all the information related to the RFP can be viewed and downloaded from e-procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in or departmental website https://uad.cg.gov.in.

SD/-
Chief Executive Officer
State Urban Development Agency,
Nava Raipur Atal Nagar
सं-44945

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

**e-Procurement Tender Notice**
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 17/Helth/Zone-2/2025 RAIPUR DATED : 18/08/2025

Online bids are invited for the following works of works up to 10/09/2025 at 17:30 hours.

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य स्थल का नाम | कुल कुशल/अकुशल श्रमिक | निविदा राशि (लाख रू. में) | अमानती राशि (लाख रू. में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173995 | जोन क्र. 02 अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में प्लेसमेंट एजेंसी के तहत कुल 25 हल्का वाहन चालक 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य। | 25 | 47.75 | 0.70 | 12 माह |
| 2 | 173999 | जोन क्र. 02 अंतर्गत सफाई कार्य हेतु 17 अतिरिक्त अकुशल श्रमिक (सफाई कामगार) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य। | 17 | 28.78 | 0.70 | 12 माह |
| 3 | 174000 | जोन क्र. 02 अंतर्गत जोन गैंग हेतु 15 अकुशल श्रमिक (सफाई कामगार) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य । | 15 | 25.40 | 0.70 | 12 माह |
| 4 | 174001 | जोन क्र. 02 अंतर्गत पंडरी कपड़ा मार्केट क्षेत्र में सफाई कार्य हेतु 10 अकुशल श्रमिक (सफाई कामगार) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य। | 10 | 16.93 | 0.70 | 12 माह |
| 5 | 174002 | जोन क्र. 02 अंतर्गत आफिसर्स कालोनी देवेन्द्र नगर में सफाई कार्य हेतु 10 अकुशल श्रमिक (सफाई कामगार) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य। | 10 | 16.93 | 0.70 | 12 माह |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 19/08/2025, 10:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

**Note:**- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE-02
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-सक्ती एवं पदेन उपसचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**प्रारंभिक अधिसूचना**

सक्ती, दिनाँक 03/09/2024

क्रमांक/311/अ-82/2023-24 चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची (5) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (7) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :-

- अनुसूची:-

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | प.ह.नं. | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हेक्टे. में) | | |
| सक्ती | डभरा | 36. | कुल खसरा संख्या 01 | 0.036 | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग रायगढ़ | माण्ड परियोजना के लटेसरा माइनर नहर निर्माण हेतु |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा-15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।

3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रजस्व) डभरा के कार्यालय में किया जा सकता है। 4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है। 5. प्रस्तावित प्रयोजन भूगि अर्जन को भूगि अर्जन, पुनर्यासन और पुनर्व्यवस्थापन में उधित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (संख्या 30 सन 2013) के अध्याय 2 एवं 3 के प्रावधानों के तहत सिंचाई परियोजनाओं की बावत जहाँ तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय सभाघात की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है. इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण के उपबंध लागू नहीं होंगे। प्रस्तावित अधिग्रहण हेतु भूमि का विस्तार क्षेत्र ऐसी परियोजनाओं के लिये आवश्यक न्यूनतम भूमि है, विकल्प में कोई बंजर भूमि जिसमें पड़त भूमि सम्मिलित है, उक्त परियोजना हेतु उपलब्ध नहीं है। 6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये अधिनियम 2013 की धारा-43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(बालेश्वर राम)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी डभरा

(अमृत विकास तोपनो)
कलेक्टर, जिला-सक्ती
एवं पदेन उपसचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-252602884/1

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शासकीय सेवकों को...

है। अब राज्य के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा कर रहे हैं। महंगाई की मार झेल रहे कर्मचारियों के लिए यह निर्णय बड़ी राहत लेकर आया है। केंद्र के समान लाभ-अब राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ते में वही लाभ मिलेगा, जो केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दिया जा रहा है। इससे प्रदेश के कर्मचारियों और अधिकारियों में उत्साह का माहौल है।

### देय तिथि से मिले...

साथ देने का आदेश जारी करे। मोर्चा के नेताओं ने बताया कि साय सरकार में यह चौथा डीए मिला है, सभी डीए औसतन आठ माह बाद बिना एरियर्स के मिले हैं।

### हरिभूमि की खबर...

भेज दी गई है। राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में शपथ ग्रहण की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

### 21 की उम्र में...

साइंस कॉलेज से की। 1999 में गजेंद्र यादव सबसे कम उम्र के पार्षद चुनकर आए। उन्होंने महज 21 वर्ष की उम्र में चुनाव लड़ा और पांच बार के पार्षद व पूर्व उपमहापौर रहे खेमलाल सिन्हा को हराया। इतना ही नहीं वर्ष 2023 में हुए विधानसभा में पहली बार विधायक बने।

### उप सरपंच से...

शुरुआत से ही कांग्रेस पार्टी में रहे और वर्ष 2000 में ग्राम पंचायत कुंवरपुर से उप सरपंच के रूप में अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की। इसके साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए उन्होंने वर्ष 2008 में निर्दलीय चुनाव लड़ा था लेकिन एक वोट से हार गए। इसके बाद वर्ष 2014 से 2019 तक वे नगर पंचायत लखनपुर के अध्यक्ष रहे। श्री अग्रवाल ने 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली थी और फिर 2023 में भाजपा के टिकट पर अंबिकापुर विधानसभा से चुनाव लड़ा जिसमें पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को 94 मतों से हराकर जीत दर्ज की थी। **व्यावसायिक पृष्ठभूमि से आते है विधायक-** विधायक राजेश अग्रवाल आ. स्व. चांदीराम अग्रवाल की पत्नी श्रीमती सुनिता अग्रवाल सामान्य गृहणी है जबकि उनके पुत्र व एक पुत्री है। पुत्र पारिवारिक व्यवसाय को संभाल रहे है जबकि पुत्री पढ़ाई कर रही है। राजेश अग्रवाल के भाई विजय अग्रवाल ने भी जपं क्षेत्र क्रमांक 5 से जिला पंचायत का चुनाव जीता है। इसके साथ ही उनके भाई अजय अग्रवाल और रवि अग्रवाल भी व्यवसायी है।

### नए मंत्रियों के...

विभाग भी नए मंत्रियों को दिए जा सकते हैं। साथ ही कुछ मंत्रियों के पास विभागों का बोझ है उसे भी हल्का कर दूसरों को देने की चर्चाएं हैं।

### ऐसा हो सकता...

विधि विधायी और नगरीय प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण विभाग हैं। माना जा रहा है कि एकाध विभाग उनसे लेकर दूसरे नए मंत्रियो को दिया जा सकता है। इसी तरह डिप्टी सीएम विजय शर्मा गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभाग संभाल रहे हैं।उनसे तकनीकी शिक्षा लिए जाने की चर्चा है।

### नेताम और केदार...

विकास और सहकारिता विभाग संभाल रहे हैं। उनके पास से भी एक विभाग लिया जा सकता है।बाकी मंत्रियों के विभागों में बदलाव की संभावना कम जताई जा रही है।

### राजेश को आबकारी,...

इसी तरह तकनीकी शिक्षा का जिम्मा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पास था। तीसरे नए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को पीएचई और खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग दिए जाने की चर्चा है। इनमें से पीएचई विभाग उपमुख्यमंत्री अरुण साव के पास था तथा ग्रामोद्योग विभाग मुख्यमंत्री श्री साय के पास था। अब तीन नए मंत्रियों की शपथ और विभागों के आधिकारिक बंटवारे के बाद साय मंत्रिमंडल का चेहरा भी बदलने वाला है।

### मोदी करेंगे नवीन...

इन्होंने स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री से मुलाकात में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को 1 नवबंर 2025 को प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवा रायपुर (अटल नगर) स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन में प्रवेश करने की जानकारी दी। डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को इस ऐतिहासिक अवसर पर नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण करने के लिए सादर आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली क्षण प्रदेश की जनता और सभी विधानसभा सदस्यों के लिए स्मरणीय होगा। साथ ही, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से भी सौजन्य भेंट की और उन्हें नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करने के लिए आमंत्रित किया। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष का आमंत्रण स्वीकार किया।

### ब्रह्माकुमारी के नए...

सहर्ष स्वीकार कर ब्रह्माकुमारी संस्थान के नवीन भवन लोकार्पण के लिए भी अपनी स्वीकृति प्रदान की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने गठन के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण न केवल प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपराओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि यह क्षण छत्तीसगढ़ की प्रगति और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### जबलपुर में 15...

सितंबर 2023 में रायगढ़ के एक्सिस बैंक में हुई थी डकैती रायगढ़ के एक्सिस बैंक में 19 सितंबर 2023 को हुई थी डकैती। उस वक्त 5 करोड़ 59 लख रुपए की डकैती हुई थी। जिसमें 4 करोड़ 19 लाख रुपए कैश और एक करोड़ 40 लाख की ज्वेलरी शामिल थी। सुबह 10:00 बजे बैंक खुलने के समय आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों को उसी रात बलरामपुर से गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी झारखंड भागने की फिराक में थे। इस डकैती कांड में शेरघाटी गया गैंग के सदस्य थे। पुलिस ने लूट की सारी ज्वेलरी और रकम बरामद की थी।

### एक-दो नहीं, हाथी...

के गांव पहुंची तो वहां छह महिलाओं ने मुआवजा राशि के लिए पंच, सरपंच के प्रमाण पत्र दिखाते हुए पुख्ता दावा ठोंक दिया है। कुछ महिलाओं ने मृतक के साथ रह कर गुजर बसर करने तथा दो महिलाओं ने मंगलसूत्र पहनाए जाने का फोटो के जरिये दावा किया है।

### कमाई में छत्तीसगढ़...

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की ट्रेनें दिल्ली, पंजाब, बिहार, पुरी और उत्तर प्रदेश समेत मध्यप्रदेश को सीधे जोड़ती हैं। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि जोन की ट्रेनें लाखों यात्रियों की पहली पसंद बन चुकी हैं और रेलवे को सालाना करोड़ों रुपये की कमाई करा रही हैं। सबसे अधिक कमाई करने वाली ट्रेन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस है, जिसने वर्ष 2024-25 में कुल 67 करोड़ 73 लाख 76 हजार 418 रुपये की आय की। यह ट्रेन बिलासपुर से दिल्ली और पंजाब तक जाती है और जोन की सबसे लंबी दूरी की ट्रेनों में से एक है। सालभर में इसमें 7,98,125 यात्रियों ने सफ़र किया, जिनमें से 3,83,839 यात्री स्लीपर क्लास के थे। कमाई के मामले में दूसरे स्थान पर रायपुर मंडल की सारनाथ एक्सप्रेस है। उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली यह प्रमुख ट्रेन 2024-25 में 44 करोड़ 90 लाख 6 हजार 33 रुपये की कमाई कर चुकी है। इस ट्रेन में सालभर में 5,61,540 यात्रियों ने सफ़र किया, जिनमें से 2,58,014 यात्री स्लीपर क्लास के थे।तीसरे स्थान पर दिल्ली जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस है। यह ट्रेन छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश को दिल्ली से जोड़ती है। वर्ष 2024-25 में इस ट्रेन ने 43 करोड़ 24 लाख 78 हजार 828 रुपये की आय दर्ज की है।

### पीएम मोदी बोले-...

भारत-पाकिस्तान के बीच के अन्य मुद्दों और विवादों को हल करने में मदद मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के साथ अपने लगभग चार दशक लंबे जुड़ाव को याद किया, जो जनसंघ और फिर भाजपा में शामिल होने से पहले उनकी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी थे। उन्होंने कहा कि वे एक-दूसरे को तब से जानते हैं जब उनके बाल काले थे।

### ओडिशा से टूटा...

मिट्टी तेल, खाद बीज ले जाने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के आश्रित ग्राम खामभाठा में यह स्थिति बारिश के इन दिनों में देखने को मिल रही है। दूसरी ओर ग्राम पंचायत छोटेगोबरा, पयलीखण्ड, साहेबिनकछार, कोदोमाली, अमाड़, देवझरअमली, सिंहार, काटीपारा सहित लगभग एक दर्जन ग्रामों के लोग बारिश के इन दिनों में नदी नाला में पुल निर्माण नहीं होने से और नदी नाले में बारिश का पानी लगातार चलने से पैदल नदी को पार कर आना जाना करने मजबूर हो रहे हैं। **दर्जनों ग्रामों के घरों में घुसा पानी, आवागमन बंद**-सिंहार, अमाड़, साहेबिनकछार क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक ग्रामो में आवागमन बाधित हो गया है। नदी नाले पूरे उफान पर हैं और ग्रामीणों का आना जाना थम गया है। शोभा के सरपंच घनश्याम मरकाम, वरिष्ठ आदिवासी नेता रूपसिंह मरकाम, अर्जुन नायक ने बताया नदी नाले उफान में होने के कारण पूरा आवागमन बंद है। ग्रामीणों को भारी दिक्कत हो रही है क्षेत्र के कई स्कूलों में शिक्षक नहीं पहुंच पाए।

### राजापड़ाव गौरगांव...

क्षेत्र के 65 पारा टोला गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। आवागमन बाधित हो गया है। देर शाम 24 घंटे बाद नदी में बहाव थोड़ा कम होने के बाद लकड़ी के सहारे मोटर साइकिलों को पार किया गया। राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के निवासी एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने बताया पिछले 24 घंटे से मुसलाधार बारिश के कारण अड़गड़ी, जरहीडीह, शोभा, बाघनाला पूरे शबाब पर है और इन नदी नालों में पुल निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीण आना जाना नहीं कर पा रहे है। क्षेत्र के 65 ग्राम टापू में तब्दील हो गए हैं। जान जोखिम में डालकर लोग आना जाना करने मजबूर हो रहे हैं।

### 'महिला शिक्षा या आर्थिक...

आपको महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता देने में से किसी एक काम को चुनना पड़े, तो आप क्या चुनेंगी?' मनिका ने जवाब दिया, 'महिलाओं को लंबे समय से शिक्षा से वंचित रखा गया है, जिसके कारण आधी आबादी शिक्षा से दूर रही। अगर मुझे मौका मिले, तो मैं महिलाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दूँगी। यह सिर्फ एक व्यक्ति का जीवन नहीं बदलेगा, बल्कि पूरे देश और दुनिया के भविष्य को प्रभावित करेगा।' उनके इस जवाब ने जजों और दर्शकों दोनों का दिल जीत लिया।

**दिल्ली में कर रही हैं पढ़ाई**-मनिका श्रीगंगानगर, राजस्थान की रहने वाली हैं और वर्तमान में दिल्ली में पढ़ाई और मॉडलिंग का संतुलन बनाए हुए हैं। वह पॉलिटिकल साइंस और इकोनॉमिक्स की फाइनल ईयर की स्टूडेंट हैं। उनका यह खिताब पहली बार नहीं है; उन्होंने पिछले साल मिस यूनिवर्स राजस्थान 2024 का ताज भी जीता था।

### आईपीएस को नसीहत,...

कि संविधान के प्रति वफादार रहो। अपने आकाओं के आगे मत झुको। मामले की सुनवाई के दौरान आईपीएस अशोक मिश्रा व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे। फटकार के बाद अशोक मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट से माफी भी मांगी। हालांकि, फटकार के बाद सुप्रीम कोर्ट ने आईपीएस के माफीनामे को स्वीकार कर लिया। इससे पहले पीठ ने हलफनामे पर गंभीर आपत्ति जताई थी और कहा था कि एक ऐसे मामले में दोषी को क्लीन चिट दे दी गई जिसमें पुलिस ने शुरू में दोषसिद्धि सुनिश्चित कर ली थी।

# सीएम हाउस का नाम लेकर मेयर को गुमराह करने वाला धमतरी का आदिल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वार्ड नंबर 34 स्थित आंगनबाड़ी को गलत तरीके से तोड़ने और मुख्यमंत्री हाउस के नाम का दुरुपयोग कर महापौर जीवर्धन चौहान को मोबाइल पर गुमराह करने के मामले में जूटमिल पुलिस ने धमतरी निवासी आदिल बराड़ 33 वर्ष पिता असलम को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी से पहले इस मामले में पुलिस ने दो अन्य लोगों को हिरासत में ले चुकी थी।



जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 34 में स्थित आंगनबाड़ी को अवैध तरीके से तोड़े जाने और मुख्यमंत्री हाउस व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नाम का गलत इस्तेमाल किए जाने की घटना सामने आने के बाद महापौर जीवर्धन चौहान ने इसे गंभीरता से लिया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार आरोपी ने महापौर को फोन पर यह जताने की कोशिश की कि वह मुख्यमंत्री हाउस का प्रतिनिधि है, जिससे महापौर को गुमराह किया जा सके। जूटमिल पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धमतरी निवासी आदिल बराड़ के खिलाफ सीएम हाउस के नाम पर धमकाने और गुमराह करने के आरोप में बीएनएस की धारा बी1/9, 319,2, 324,3, 324,5, 351,4, 3,5 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 30 एवं 5 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें



बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- गल्फ लुब्रिकेन्ट आयल डिस्ट्रीब्यूटर को अनुभवी सेल्स रिप्रेजेंटिव की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मनीत आटोमोबाइल्स बिलासपुर 9752527979 (38496)

आवश्यकता है- श्री गणेश होम्स में 2 पद ऑफिस स्टॉफ एवं 2 पद ऑफिस बॉय आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सिद्ध शिखर अपार्टमेंट रिंग रोड नं-2, शांति नगर मंगला चौक बिलासपुर 7415552666 (38495)

आवश्यकता है- खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रुपए सम्पर्क करें- 9754293974 (38494)

आवश्यकता है- ऑफिस ब्वाय- 3 पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, ऑटो चालक एवं सफाई कार्य करने हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है। वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 09575 488884 (38499)

आवश्यकता है- एक अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- शौर्य वूमेन एण्ड चिल्ड्रन क्लीनिक A1 हर्ष किंगडम, अशोक नगर, सरकंडा बिलासपुर 8305004097 (कॉल करें सुबह 11बजे से शाम 7बजे तक) (38500)

आवश्यकता है-बिल्हा मोड़ एवं कोनी हेतु सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है शैक्षणिक योग्यता 10वीं से 12वीं, वेतन 10000 ड्यूटी 12घण्टे 3 फोटो आधार कार्ड सहित तत्काल सम्पर्क करें- 8109314893, 9329691533 (38492)

आवश्यकता है-स्किन क्लीनिक में कार्य करने के लिए दो महिला नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7697312555 (38483)

आवश्यकता है-फर्निशिंग शॉप में काम करने के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें-कन्हैया डेकोर श्री मीरा टावर, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर 07752-230033 (38485)

आवश्यकता है- ऑफिस में लोडिंग अनलोडिंग हेतु दो लड़के देखकर समान निकालने हेतु लड़कियां लोडर गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर के साथ सामान सेल्समैन हेत दो लड़के। पता- Nt@s व्यापार विहार बिलासपुर 07752 411422 (38497)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड (10वीं) उम्र 25 से 50वर्ष सुरक्षा कार्य जानकार, स्वस्थ, जिम्मेदार एवं इलेक्ट्रीशियन डिप्लोमाधारी (बिजली कार्य जानकार) (आवेदन की अंतिम तिथि 25/8/2025) सम्पर्क करें- रामावैली कॉलोनी मेनटेनेंस आफिस बिलासपुर 8770153142 (38498)

आवश्यकता है-रिशेपनिस्ट - 2 (Male), ड्राइवर-1, गार्ड-2 हाउस कीपिंग-4 चाहिए वेतन योग्यतानुसार रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें- 10am to 8pm होटल डाउन टाउन राजकिशोर नगर बिलासपुर 9144555000, 07752 419051, 9516300022 (38486)

आवश्यकता है-दवाई दुकान में काम करने के लिए केवल लड़के कार्य पिकर, चेकर, लोकल डिलीवरी, पैकर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर (38493)

आवश्यकता है-इंस्टीट्यूट में पढ़ाने हेतु नर्सिंग/ बायोलॉजी टीचर एवं ऑफिस में साफ सफाई करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दोपहर 12 बजे से 4बजे 8770068557 (38489)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें-गुरु नानक जेम्स एण्ड ज्वेल्स मायरा के सामने सदर बाजार बिलासपुर 74893 15615 (38490)

आवश्यकता है-भारत की नं-1 कम्पनी नितिराज इंजीनियर्स लिमिटेड (फोनिक्स) को (1) सेल्स एग्जीक्यूटिव-5, (2) सर्विस इंजीनियर-2, (3) ऑफिस बाय-1, salary+ ESIC+ Bonus+ Insentive पता-विनोद ट्रेडर्स, D/74, व्यापार विहार बिलासपुर 9300360385, 9300360386, 07752 401606 (38469)

आवश्यकता है-बिलासपुर शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों में सुरक्षा हेतु लम्बे तगड़े लड़के, लड़कियां भारी मात्रा में सुरक्षा गार्ड हेतु चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 9000 से 11000 तक सम्पर्क- 88393 26096, 8966089060 (38484)

आवश्यकता है-ऑफिस में कार्य करने हेतु पुरुष असिस्टेंट चाहिए योग्यता 10वीं, स्मार्ट मोबाइल अनिवार्य। वेतन 6500 सम्पर्क- ध्रुव अग्रवाल सियाराम अपार्टमेंट 36 सिटी मॉल के सामने मुंगेली रोड बिलासपुर 7987165126, 9424143077 (38488)

आवश्यकता है-आफिस कार्य के लिए जानकार कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं कलेक्शन के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9425535104 (38465)

आवश्यकता है-ऑफिस फाईनेंस कार्य हेतु Branch Manager, Service Manager, Development Officer, Field Officer, Surveyor, Counselor, Computer Operator, Telecaller की आवश्यकता है वेतन 10000- 35000 Contact- A/216, Narayan Plaza, Bilaspur 6269222001, 8085045559 (38482)

आवश्यकता है- मार्केटिंग करने हेतु सेल्स ऑफिसर की आवश्यकता है वेतन- 10000 से 20000 उम्र 30 से ऊपर सम्पर्क प्लस आटोमोबाइल शीतला माता मन्दिर के पास, शारदा मन्दिर के सामने, तारबाहर, बिलासपुर (38481)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है एवं टैक्सी गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ट्रेवल जोन राजकिशोर नगर बिलासपुर 8349395005 (38466)

आवश्यकता है-विज्ञापन एजेन्सी में कार्य करने हेतु इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर एवं लेबर कार्य फ्लैक्स माउंटिंग LED वर्क हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- C-15, ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा बिलासपुर 62645 50163, 7987948032 (38467)

आवश्यकता है-ग्राफिक डिजाइनर जिसे कोरल ड्रॉ एवं फोटोशॉप का अनुभव हो एवं ऑफिस में काम के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 977019078, 8319347244 (38478)

आवश्यकता है-UTN शॉप में सर्व कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है मासिक वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं-16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 78060 07192, 7999594790 (38441)

आवश्यकता है- सफाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था बिजली पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका 18-25 वर्ष के लड़के, 11000 मासिक+ प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 84481 07841, 9302708426 (216)

आवश्यकता है-बिलासपुर में गर्ल्स हॉस्टल में साफ सफाई करने के लिये महिला एवं 24घण्टे के लिए सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 79701 33555 (38477)

आवश्यकता है-इनोवा का ड्राइवर की आवश्यकता है 10वर्ष का अनुभव शिक्षित एवं नशा ना करता हो, रहने की जगह दी जायेगी, पत्नी के लिए भी काम है। सम्पर्क करें- 9993087654 (38471)

आवश्यकता है-प्रिंटिंग युनिट को मैनेजर-1 (प्रिंटिंग लाईन), डिजाइनर-2 (कोरल ड्रा), मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव-2, आफिस ब्वॉय-2 की आवश्यकता है वेतन 10000+ योग्यतानुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया, सुभाष काम्पलेम्स जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 (38470)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई, ड्राइवर। वेतन योग्यतानुसार, आवास फ्री पता- श्रीसाई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 8253010291, 8889997826, 80852 33213 (38449)

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों हेतु पी एम सूर्य घर योजना की मार्केटिंग हेतु शिक्षित युवाओं एवं युवतियों की मासिक सैलरी 15000 - 20000 कार्यस्थल रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, जगदलपुर संपर्क - मैपकॉम इंडिया, यादव कॉम्प्लेक्स, कोटा, रायपुर वॉट्सएप 7999527979, 7415003777 (6775)

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 9469980000, 0771-4075490 (6776)

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में रिटेल मार्केटिंग के लिए 12वीं पास लड़का जो की सेल्समेंन काम कर सके और ड्राइवर की भी आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स आकृति बिहार अमलीडी रायपुर 9469980000, 0771-4075490 (6777)

आवश्यकता है-रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5फीट 6इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF+ESIC+ खाने की सुविधा सम्पर्क करें-9201958117, 9201958114 (6764)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु आवश्यकता 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना सम्पर्क करें- 90394 70547, 8815522974 (368)

आवश्यकता है-टेली कॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु 18 से28वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- आराध्या हॉस्पिटल के पास शिवघाट महामाया चौक 8982378857 (219)

आवश्यकता है-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238, 92291 87457 (1113)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कम्पनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000 से 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 9798472261 (1110)

आवश्यकता है- नेहरु नगर स्थित घर में खाना बनाने एवं गृह कार्य करने हेतु सुबह से शाम तक के लिए बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000370264 (38479)

आवश्यकता है-मैट्रिमोनी में कार्य हेतु 18-30वर्ष की युवतियों महिलाओं की सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- आरबी हॉस्पिटल के पास पत्रकार कॉलोनी रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 8962819734, 7724048046 (215)

आवश्यकता है-टेलीकॉलिंग हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन, वेतन 4000+ कमीशन सम्पर्क करें- तोरवा पावर हाउस बिलासपुर 6260596980 (1112)

आवश्यकता है- क्लीनिक में अटेंडर की शीघ्र आवश्यकता है, (वेतन योग्यतानुसार) कल्याण दंत चिकित्सालय नियर मैग्नेटो मॉल श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर 9691884193 (222)

आवश्यकता है- दवा कम्पनी में लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी 12500 से 19500 रहना +खाना ड्यूटी 8 घंटे. 8वी 10वी 12वी जिलेनुसार पोस्ट. सुपरवाइजर हेल्पर टेलीकॉलर कंप्यूटर ऑपरेटर गार्ड मो. 98894 54463, 9889364095 (223)

आवश्यकता है- पेन्सिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है सम्पर्क करें- 8873762120 (589)

## बेचना

बेचना है-40×75= 3000 पश्चिम मुखी 25फीट रोड में पुराना मकान टिपटॉप बना, जैन हॉस्टल वाली गली में विनोबा नगर में जमीन की कीमत में। कीमत 5500/- फुट सम्पर्क करें- 9131242092, 98279 38236 (38487)

बेचना है-देवी नगर गली नम्बर 4, महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर में 70×35 का गेट, बाउंड्रीवॉल सहित डायवर्टेड अतिशीघ्र प्लाट बेचना है। खरीददार सम्पर्क करें- 9111169686, 98271 96261 (38468)

बेचना है-रतनपुर में बिलासपुर कोरबा बाईपास से लगा लगभग 102 वर्गफिट फ्रंट में कमर्शियल प्लाट 0.14 एकड़ एवं मुढीपार टोल प्लाजा से आधा किलोमीटर अंदर मुढीपार ग्राम से लगा, रोड में फार्म हाउस बोर सहित जालीदार काटा से घिरा 1.54 एकड़ प्लॉट सम्पर्क करें- 7241111402, 74892 44588 (38475)

## खरीदना

खरीदना-बिलासपुर से अधिकतम 15 कि.मी. की दूरी पर मेन रोड से लगी हुई कृषि भूमि खरीदना है। कृपया भूमि स्वामी ही सम्पर्क करें- 83490 54531 (38365)

## कृषि उपकरण

कृषि उपकरण-सबसे कम दामों में ट्राली, टेंकर, हाइड्रोलिक ट्राली मल्टीक्रॉप थ्रेसर, कल्टीवेटर, केजव्हील, कोपर, दतारी, लेबलर सभी कृषि उपकरण, रिपेयरिंग, पेन्टिग एक्सचेन्ज हेतु सुविधा- किसान एग्रो गतौरी रतनपुर रोड 9827683510, 9827892413 (38268)

## किराया

किराया-शांतिनगर में 2BHK सर्वसुविधायुक्त मकान एवं सरकंडा मार्क हॉस्पिटल के पास कमलाश्री परिसर के टॉप फ्लोर पर 2BHK सर्वसुविधा युक्त फ्लैट किराए से देना है। शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता सम्पर्क- 98930 78422 (38472)

## फाइनेन्स

फायनेंस- आधारकार्ड पे लोन लेबर कार्ड, मार्कशीट, पैन कार्ड, पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, कृषि आदि लोन 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज 50% छूट संपर्कः- 9310481187 (218)

फायनेंस- रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाए संपर्क -9311830460 (221)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 5+3 10+10 15+18 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | |
| Raipur Edition | 4400 | |
| Bilaspur City | 2500 | |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# कोहली के 17 साल, वनडे में ठोके 51 शतक, दर्ज हैं कई विराट रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 17 साल पूरे किए हैं। उन्होंने 18 अगस्त 2008 को श्रीलंका क्रिकेट टीम के पहला वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने सिर्फ वनडे क्रिकेट में खेलना जारी रखा है। अपने बेमिसाल करियर में उन्होंने विश्व क्रिकेट के कई अहम रिकॉड्र्स बनाए हैं।

### वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतक

कोहली वनडे में सबसे अधिक शतक जमाने वाले बल्लेबाज हैं। वनडे विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में अपने वनडे क्रिकेट करियर का 50वां शतक जमाया था। ऐसा कर उन्होंने पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (49) का रिकॉर्ड तोड़ा था। कोहली के नाम फिलहाल 51 वनडे शतक हैं। इन दोनों के बाद सूची में भारतीय कप्तान रोहित (32), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (30), श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (28) और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला (27) हैं।

### वनडे में तीसरे सर्वाधिक रन

कोहली वनडे क्रिकेट में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अब तक 302 वनडे मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइक रेट से 14,181 रन बना चुके हैं। इस सूची में पहले नंबर पर तेंदुलकर हैं जिन्होंने अपने वनडे क्रिकेट करियर में 463 मैचों में 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज संगाकारा हैं। उन्होंने 404 मैचों में 41.98 की औसत से 14,234 रन बनाए थे।



### टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान हैं कोहली

कोहली ने कप्तान के तौर पर 68 टेस्ट खेले, जिसमें 5,864 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 20 शतक और 18 अर्धशतक लगाए थे। कोहली के बाद दूसरे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं। धोनी ने भारत की कप्तानी करते हुए 40.64 की औसत से 3,454 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 5 शतक और 24 अर्धशतक लगाए थे।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 से अधिक रन

कुल मिलाकर कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 27,599 रन बनाए हैं, जो केवल तेंदुलकर (34,357) और संगकारा (28,016) से पीछे हैं। कोहली के 82 अंतरराष्ट्रीय शतक तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा हैं। कोहली के नाम रिकॉर्ड 143 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक भी हैं। कोहली 3 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 8 या उससे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।

### भारत से चौथे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले बल्लेबाज

कोहली ने अपने टेस्ट करियर का अंत 9,230 रन के साथ किया था। उन्होंने नाबाद 254 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 30 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। वह टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज है। उनसे आगे सिर्फ तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) ही हैं।

### टी-20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी

कोहली ने अपने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज साल 2010 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ किया था। उन्होंने अपने करियर में 125 मुकाबलों की 117 पारियों में 4,188 रन बनाए हैं। उन्होंने 1 शतक के अलावा 38 अर्धशतक भी जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122* रन का रहा है। वह रोहित शर्मा (4,231) और बाबर आजम (4,223) के बाद तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी हैं।

## खबर संक्षेप



### इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब

**सिनसिनाटी (अमेरिका)।** विश्व में तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सातवें नंबर की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वियातेक सिनसिनाटी ओपन में अपने पिछले छह मुकाबलों में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। वह पिछले दो वर्षों में सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन 2023 में कोको गॉफ और 2024 में एरीना सबालेंका से हार गईं थी। स्वियातेक मैच जीतकर अपने करियर का 24वां एकल खिताब हासिल करने में सफल रहीं। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन स्वियातेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-3 कर दिया। पाओलिनी ने सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया लेकिन स्वियातेक पहला सेट 56 मिनट में जीतने में सफल रहीं। स्वियातेक के मैच के आठवें ऐस ने उन्हें दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त दिला दी।

### शॉ ने बुची बाबू टूर्नामेंट में जड़ा शानदार शतक



**चेन्नई।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने मंगलवार को चेन्नई में खेले जा रहे बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड के दूसरे दिन महाराष्ट्र क्रिकेट टीम की ओर से खेलते हुए अपने पहले ही मुकाबले में शतक जड़कर दमदार वापसी की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 122 गेंदों में 14 चौके और 1 छक्के की मदद से शानदार शतक लगाया। बता दें कि शॉ ने घरेलू क्रिकेट के इस सत्र में मुंबई की जगह महाराष्ट्र से खेलने का फैसला किया था। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 252 रन बनाए थे। जवाब में महाराष्ट्र के लिए शॉ और सचिन धस (10) ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद टीम ने 15 रन के अंदर 4 विकेट गंवा दिए। रुतुराज गायकवाड़ और कप्तान अंकित बावने भी सस्ते में आउट हो गए।

### सिंकफील्ड कप: प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया



**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है।

## एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से, 14 को पाकिस्तान से मुकाबला

# भारतीय टीम का ऐलान, सूर्य कप्तान, शुभमन उपकप्तान, बुमराह खेलेंगे, यशस्वी-अय्यर बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप के आगामी संस्करण की शुरुआत 9 सितंबर से होनी है, जिसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम का ऐलान किया है। टी-20 प्रारूप में होने वाले अगले संस्करण के लिए सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान बनाया गया है। वह इस टूर्नामेंट के लिए फिट हो चुके हैं। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। उनके साथ-साथ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी टीम में चुने गए हैं। आइए भारत की टीम पर एक नजर डालते हैं।

### जायसवाल-अय्यर का नहीं हो सका चयन

यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर का टीम में चयन नहीं हुआ है। जायसवाल ने भारतीय टीम से 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 36.15 की औसत और 164.31 की स्ट्राइक रेट के साथ 723 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाए थे। अय्यर ने भारत की ओर से अब तक 51 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 30.66 की औसत और 136.12 की स्ट्राइक रेट के साथ 1.104 रन बनाए हैं।







ग्रुप-ए : भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीम है।

ग्रुप-बी : बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग की टीम है।



### भारत-पाकिस्तान में होगी भिड़ंत

भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगा, जबकि बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 19 मैच खेले जाएंगे, जिनमें ग्रुप चरण के बाद सुपर-4 के 6 मुकाबले और फिर 28 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। सभी मुकाबले यूएई में ही खेले जाएंगे।

### एशिया कप के लिए ऐसी है भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, और जितेश शर्मा।

### ये खिलाड़ी हैं स्टैंडबाई में शामिल

प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और जायसवाल को स्टैंडबाई खिलाड़ियों के तौर पर चुना गया है। तेज गेंदबाज कृष्णा आईपीएल 2025 में पर्पल कैप हासिल करने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 19.52 की औसत के साथ 15 मैचों में 25 विकेट लिए थे। वह इंग्लैंड दौरे पर भी टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का भी चयन नहीं हुआ है।

### धोनी की कप्तानी में भारत ने 1 बार जीता है एशिया कप



अब तक 2 एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेले गए हैं, जिसमें से 1 में भारतीय टीम विजेता बनी थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2016 में खेले एशिया कप को भारत ने जीता था। खिताबी मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया था। इसके बाद 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय टीम सुपर-4 चरण से भी आगे नहीं बढ़ सकी थी।

## एशिया कप हॉकी

# पाक-ओमान नहीं, बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान और ओमान की जगह बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे। टूर्नामेंट के शेड्यूल के अनुसार मेजबान भारत को चीन, जापान और कजाखस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, चीनी ताइपे और बांग्लादेश को जगह मिली है।

मलेशिया और बांग्लादेश के मुकाबले के साथ 29 अगस्त को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन के अंतिम मुकाबले में भारत और चीन आमने-सामने होंगे। फाइनल, तीसरे स्थान का प्ले ऑफ और पांचवें-छठे स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला सात सितंबर को होगा।

### पाक ने किया इनकार बांग्लादेश को मिली जगह

भारत सरकार ने कहा था कि वह टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मुहैया कराएगी लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों से यात्रा करने से इनकार कर दिया। आयोजकों ने आठ टीम के इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह लेने के लिए पहले ही बांग्लादेश से संपर्क कर लिया था। यह टूर्नामेंट 2026 विश्व कप की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है।

### केंद्रीय अनुबंध में पाक का एक भी क्रिकेटर ए श्रेणी नहीं

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने केंद्रीय अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम और वर्तमान वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान को एक पायदान नीचे श्रेणी 'बी' में रखा गया है। पीसीबी को असल में कोई भी क्रिकेटर एलीट श्रेणी में शामिल होने लायक नहीं लगा और उसने 30 खिलाड़ियों को श्रेणी 'बी', 'सी' और 'डी' में रखा है। केंद्रीय अनुबंध एक जुलाई से प्रभावी माना जाएगा।


## बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर

# तन्वी, उन्नति और भार्गव भारतीय टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेजी से उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।
भारतीय टीम में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और रक्षिता श्री भी शामिल हैं। सुहांदिनाता कप (मिश्रित टीम चैंपियनशिप) छह से 11 अक्टूबर तक खेला जाएगा, जिसके बाद 13 से 19 अक्टूबर तक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में व्यक्तिगत स्पर्धाएं होंगी। देश ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं।





### भारतीय टीम इस प्रकार है

**लड़कों के एकल (अंडर19):** रौनक चौहान, ज्ञान दत्तू टी.टी., लालथजुआला एच, सूर्याक्ष रावत
**लड़कियों के एकल (अंडर 19):** तन्वी शर्मा, वेन्नाला कलागोटला, उन्नति हुडा, रक्षिता श्री एस।
**लड़कों के युगल (अंडर19):** सुमिथ ए.आर./भाव्या छाबड़ा, भार्गव राम अरिगेला/विश्व तेज गोबुरु, विष्णु केदार कोडे/मिथिलेश पी. कृष्णन
**लड़कियों के युगल (अंडर19):** वेन्नाला कलागोटला/रेशिका यू, गायत्री रावत/मनसा रावत, आन्या बिष्ट/एंजेल पुनेरा
**मिश्रित युगल (अंडर19):** भाव्या छाबड़ा/विशाखा टोप्पो, लालरामसंगा सी/तारिणी सूरी, विष्णु केदार कोडे/कीर्ति मनचला, वंश देव/डियांका वाल्डिया।

# दक्षिण अफ्रीका ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 98 रनों से हराया

**प्रोटियाज टीम ने हासिल की 1-0 से बढ़त**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने मंगलवार को वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 98 रनों से बड़े अंतर से हरा दिया। इसके साथ ही प्रोटियाज टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। जवाब में कंगारू टीम 198 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

### अफ्रीका ने ऐसे जीता मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। प्रोटियाज टीम ने एडेन मार्करम (82), कप्तान तेम्बा बावुमा (65) और मैथ्यू ब्रीट्जके (57) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर निर्धारित 50 ओवर में



296/8 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में कंगारू टीम से मिचेल मार्श (88) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया और पूरी टीम 40.5 ओवर में 198 रनों पर सिमट गई।

# हरमनप्रीत संभालेंगी टीम इंडिया की कमान प्रतिका को मिला स्थान, शेफाली को आराम

एजेंसी ▶▶| कजाकिस्तान

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महिलाओं के वनडे विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की है। अगले माह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले अगले विश्व कप संस्करण में हरमनप्रीत कौर ही भारतीय टीम की कमान संभालेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान की भूमिका में बरकरार रहेंगी। विश्व कप की टीम में शेफाली वर्मा को नहीं चुना गया है।

### ऑस्ट्रेलिया से 3 मैचों की वनडे सीरीज भी



बता दें कि विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को 14, 17 और 20 सितंबर को भारत दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। सलामी बल्लेबाज रहेंगी प्रतिका रावल शेफाली की जगह पर बेस्ट बल्लेबाज प्रतिका रावल को सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में चुना गया है। प्रतिका ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने 14 वनडे मैचों में 54.08 की औसत से 703 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रही शेफाली आखिरी बार वनडे में अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली थी। उन्होंने 2024 में 6 पारियों में 18.00 की औसत से 108 रन बनाए थे। फिलहाल इस सीरीज में उन्हें आराम दिया गया है।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : भारत के खाते में अब तक पांच स्वर्ण

# मनु ने कांस्य, जूनियर वर्ग में रश्मिका ने जीता तीसरा स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| कजाकिस्तान

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रश्मिका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। रश्मिका ने व्यक्तिगत के साथ टीम स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं।



### चीन को स्वर्ण, कोरिया को मिला रजत पदक

मनु भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला।

### रश्मिका ने कोरियाई खिलाड़ी को पछाड़ा

रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 241.9 का स्कोर करके रजत पदक जीतने वाली कोरियाई हान सेउंगह्यून को 4.3 अंक की बड़े अंतर से पछाड़ा। उन्होंने इस स्पर्धा में वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने क्वालीफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

भारत की अन्य खिलाड़ियों में इस प्रतियोगिता में केवल रैंकिंग अंकों के लिए भाग ले रही ईशा सिंह 577 अंकों के साथ नौवें, सुरुचि सिंह 574 अंकों के साथ 12वें, पलक 573 अंकों के साथ 17वें और सुरभि राव 570 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहीं। भाकर, सुरुचि सिंह और पलक की तिकड़ी टीम स्पर्धा में 1730 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### क्वालीफिकेशन में शीर्ष में रहीं येजिन

कोरिया की येजिन ओह ने 585 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए इस प्रतियोगिता भाग ले रही थीं, जिससे चीन की कियानक्सुन याओ शीर्ष रैंक की निशानेबाज के रूप में फाइनल में पहुंच गईं।




# रूस का अनोखा मिशनः इंसान नहीं, 75 चूहों को कराएगा अंतरिक्ष की सैर

एजेंसी ▶▶ मास्को

बुधवार को रूस के वैज्ञानिक बायोन-एम नंबर 2 नाम का बायोसैटेलाइट लॉन्च करने जा रहे हैं। जिसे आधुनिक 'नूह के जहाज की तरह ही बताया जा रहा हैं। यह सैटेलाइट अपने साथ कई जीवों को अंतरिक्ष की सैर पर ले जाएगा, जिसमें 75 चूहे, 1000 से ज्यादा फल मक्खियां, सूक्ष्म जीव और पौधों के बीज शामिल हैं। इस सैटेलाइट का मिशन 30 दिनों का है और इसका काम ये जानना होगा कि स्पेस की कम ग्रैविटी और रेडिएशन का इन जीवों पर क्या असर होता है। ये जानकारी भविष्य में अंतरिक्ष में जाने वाले इंसानों के काम आएगी।


### किस पर आधारित है मिशन?

यह मिशन 2013 के बायोन-एम नंबर 1 पर आधारित हैं। लेकिन, बायोन-एम नंबर 2 लगभग 97 डिग्री के झुकाव पर परिक्रमा करेगा. इसका मतलब कि, यह धरती के उत्तर से दक्षिण ध्रुव तक चक्कर लगाएगा क्योंकि इस रास्ते में कॉस्मिक रेडिएशन बहुत ज्यादा होते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बार रेडिएशन की मात्रा पिछली बार से 10 गुना ज्यादा होगी।



### चूहों को ही क्यों चुना गया?

चूहों को इस रिसर्च के लिए चुना गया है, क्योंकि ये इंसानों से अनुवांशिक रूप से मिलते-जुलते हैं। इनका जीवनकाल छोटा है और ये विकिरण के प्रति बहुत ही संवेदनशील होते हैं। इन्हें 3 ग्रुप्स में बांटा जाएगा। पहला, इन्हें सामान्य हालात में धरती पर रखा जाएगा, दूसरे समूह को मशीन में रखा जाएगा जिसका माहौल अंतरिक्ष जैसा होगा और तीसरा समूह अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।



### चूहों की वापसी के बाद क्या होगा?

पहले आपको बता दें कि चूहेदानी में रोशनी, खाना, हवा और साथ ही कचरा साफ करने की व्यवस्था होगी। इसमें लगे कैमरे और सेंसर लगाता जानकारी भेजते रहेंगे। जब चूहे धरती पर वापस आएंगे तब वैज्ञानिक देखेंगे कि उन्होंने अंतरिक्ष में खुद को कैसे ढाला और धरती पर आने के बाद कैसे ठीक हुए।

### ये मिशन क्यों जरूरी है?

रूस के वैज्ञानिकों ने इस मिशन के लिए कुल 10 प्रयोग तैयार किए हैं। बायोन-एम नंबर-2 मिशन धरती पर होने वाली रिसर्च और स्पेस की चुनौतियों के बीच की दूरी को कम करने में अहम भूमिका निभाएगी। इस मिशन से मिलने वाली जानकारी इंसानों को चांद, मंगल और उससे आगे के लंबे अंतरिक्ष मिशनों के लिए बहुत जरूरी बताई जा रही हैं।

## रोचक खबरें



### दुनिया की सबसे मजेदार रेस, पतियों को गोद में उठाकर दौड़ीं पत्नियां

**नई दिल्ली।** अगर आपने यशराज बैनर तले बनी फिल्म 'दम लगा कर हईशा' देखी है तो आपको यह वीडियो बड़ा ही मजेदार लगने वाला हैं। फिल्म के एक सीन में दिखाया गया था कि कैसे आयुष्मान खुराना को एक दौड़ में अपनी मोटी पत्नी भूमि पेडनेकर को उठा कर भागना पड़ता है, और इसके बाद इस कपल में प्यार का दायरा बढ़ने लगता है। खैर यह तो एक फिल्म थी, इस पर कौन ही विश्वास करेगा, लेकिन अगर हम आपसे कहें कि ऐसा होता है, तो क्या आप विश्वास कर पाएंगे, नहीं ना। इस दौड़ में पति नहीं, बल्कि पत्नियां अपने पतियों को गोद में उठाकर दौड़ती नजर आ रही हैं। वीडियो देखने में बहुत मजेदार है और पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूत करने का काम भी करता हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में 'तेरा ध्यान किधर है, तेरा हीरो इधर है' गाना बज रहा है और महिलाएं बच्चों की तरह अपने पति को गोद में बैठाकर दौड़ रही हैं। इस रेस में कौन सी महिला जीती ये तो नहीं पता, लेकिन इन महिलाओं ने लोगों का दिल जरूर जीत लिया हैं।

### तोते ने 33.50 सेकंड में 10 रंग पहचान कर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**बीजिंग।** तोता, सुंदर के साथ-साथ एक बुद्धिमान पक्षी भी हैं। इसकी आवाज तेज और मीठी होती है, जो सभी को आकर्षित करती हैं। इसकी सबसे बड़ी



खासियत है कि यह इंसानों की बोली की नकल कर सकता है, इसी वजह से लोगों को तोता अपने घर में पालना बहुत पसंद है लेकिन, आज हम एक ऐसे तोते के बारे में बात करेंगे, जिसने बहुत कम समय में रंगों को पहचान कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड जीत लिया। इस तोते का नाम शियाओगुई है, इसने चीन के जियाओज़ुओ, हेनान में सिर्फ 33.50 सेकंड में 10 रंग पहचानकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया, ये किसी भी तोते द्वारा बनाया गया सबसे तेज रिकॉर्ड हैं। शियाओगुई के सामने 10 छोटे-छोटे प्लास्टिक के डिब्बे रखे गए थे।


# पानी निगल रहा आपके फोन का डेटा, वैज्ञानिकों का दावा डिजिटल युग में जल्दी पड़ेगा सूखा!

एजेंसीः लंदन

ब्रिटेन इस समय गंभीर सूखे की समस्या से जूझ रहा है। ऐसे हालात में पर्यावरण अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे न केवल घर और बाहर पानी की बचत करें, बल्कि डिजिटल जीवनशैली में भी जिम्मेदारी दिखाएं। अधिकारियों का कहना है कि लोग अपने ईमेल इनबॉक्स से अनावश्यक मेल और पुरानी तस्वीरें हटाएं, क्योंकि इनको सुरक्षित रखने वाले डाटा सेंटरों को ठंडा करने के लिए भारी मात्रा में पानी की खपत होती है। नेशनल ड्रॉट ग्रुप ने लोगों को चेतावनी दी है कि सूखे की हालत ऐसी बन चुकी है कि मामला राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का विषय बन चुके हैं। इस मुद्दे को लेकर पर्यावरण एजेंसी की वाटर डायरेक्टर हेलेन वेकहैम ने कहा, हम सभी से अनुरोध करते हैं कि छोटे-छोटे कदम उठाएं, जिससे हम पानी को ज्यादा से ज्यादा बचा सके। इन आदतों में नल बंद करना, लीक ठीक कराना या फिर पुराने ईमेल मिटाना। ये साधारण काम भले ही छोटे-छोटे हो, लेकिन अगर सामूहिक रूप से किया जाए तो बड़ा फर्क पैदा कर सकते हैं और नदियों तथा वन्यजीवों को बचाने में मददगार साबित होंगे।

### देश में पड़ा भयंकर सूखा?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन के कई हिस्सों में औपचारिक रूप से सूखे की घोषणा की जा चुकी है। इनमें यॉर्कशायर, कंब्रिया, लंकाशायर, ग्रेटर मैनचेस्टर, मर्सीसाइड, चेशायर, ईस्ट मिडलैंड्स और वेस्ट मिडलैंड्स जैसी जगहे शामिल हैं। सामान्यतः इस समय तक जलाशय 80 प्रतिशत से अधिक भरे रहते हैं, लेकिन यहां अब आलम ऐसा है कि इसका स्तर घटकर लगभग 67.7 प्रतिशत रह गया है। डाटा सेंटर पानी और ऊर्जा दोनों के बड़े उपभोक्ता हैं। ये चौबीसों घंटे चलने वाले सर्वरों को ठंडा करने के लिए पानी पर निर्भर रहते हैं। अनुमान है कि पुराने कूलिंग सिस्टम वाले एक छोटे डाटा सेंटर में भी सालाना 2.5 करोड़ लीटर से अधिक पानी खर्च हो सकता है। 2021 में अमेरिका के ओरेगन राज्य में गूगल के एक डाटा सेंटर ने लगभग 355 मिलियन गैलन पानी का इस्तेमाल किया था। यह मात्रा इतनी थी कि इससे करीब 538 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल भरे जा सकते थे।



### डिजिटल दुनिया क्यों है लोगों का खतरा

डाटा सेंटर केवल पानी ही नहीं, बल्कि ऊर्जा भी भारी मात्रा में लेते हैं। बिजली उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में पानी का उपयोग टर्बाइन चलाने और रिएक्टर ठंडा करने में किया जाता है। इस तरह डाटा स्टोरेज और इंटरनेट सेवाएं अप्रत्यक्ष रूप से भी जल संसाधनों पर दबाव बढ़ाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई तकनीक के विस्तार के साथ आने वाले वर्षों में डाटा सेंटरों की संख्या और उनका आकार और भी बढ़ेगा।

### पानी बचाने के आसान तरीके सुझाए

यही कारण है कि एजेंसी ने लोगों को डिजिटल दुनिया में भी सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही उन्होंने पानी बचाने के कुछ आसान तरीके सुझाए हैं। जैसे वर्षा का पानी इकट्ठा करना, किचन का बचा पानी पौधों में डालना, बाथरूम की लीक तुरंत ठीक कराना और नहाने का समय कम करना। मूल बात यह है कि हर छोटा कदम मायने रखता है। चाहे घर में नल बंद करना हो या मोबाइल से अनावश्यक फाइलें हटाना, ये सब मिलकर पानी की बड़ी बचत कर सकते हैं।

# थाईलैंड में मिला दुनिया का सबसे अनोखा केकड़ा



एजेंसी ▶▶ बैंकाक

थाईलैंड के काएंग क्राचन राष्ट्रीय उद्यान में एक बेहद दुर्लभ और अनोखी प्रजाति का केकड़ा देखा गया है, जिसकी चमकदार बैंगनी रंग ने इंटरनेट पर लोगों को हैरान कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हुई कुछ तस्वीरों में इस केकड़े की खूबसूरती साफ दिखाई देती है। बताया गया कि पार्क के रेंजरों ने गश्त के दौरान इन खास केकड़ों को देखा और कैमरे में कैद कर लिया। इसे पार्क प्रशासन ने इस खोज को प्रकृति का अनमोल तोहफ़ा बताया और फेसबुक पर इनकी तस्वीरें शेयर की है।

**चटकदार रंग देख हैरान हुए लोग**

### क्या है इसका संकेत?

पार्क के सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया, किंग क्रैब की मौजूदगी न सिर्फ एक दुर्लभ जीव की खोज है, बल्कि यह पार्क के इकोसिस्टम तंत्र की मजबूती का अहम संकेत भी है। यह विश्व धरोहर स्थल अपनी अद्भुत जैव विविधता के लिए अब पूरी दुनिया में जाना जाएगा और इस संरक्षित वन्यजीव का अस्तित्व जंगल के उत्कृष्ट पर्यावरण का प्रमाण है। किंग क्रैब, जिसे सिरिंधोर्न क्रैब भी कहा जाता है, का नाम थाईलैंड की राजकुमारी महा चक्री सिरिंधोर्न के नाम पर रखा गया है।

# तलाक नहीं, अब शादी से छुट्टी ले रहे हैं लोग

**टोक्यो।** जापान में धीरे-धीरे एक नया कॉन्सेप्ट सामने आ रहा हैं। मैरिज ग्रेजुएशन या शादी से स्नातक। इसमें पति-पत्नी कानूनी तौर पर शादीशुदा रहते हैं, लेकिन अपनी ज़िंदगी अपने हिसाब से जीते हैं। यह तलाक नहीं है, बल्कि शादी से ग्रेजुएशन की तरह हैं। इस विचार को सबसे पहले 2004 में लेखिका युमिको सुगियामा ने अपनी किताब शादी से छुट्टी लेने की सलाह के जरिए लोकप्रिय बनाया।

### शादी से छुट्टी अपनाने के तरीके



कुछ कपल्स एक ही घर में रहते हैं, लेकिन रूममेट्स की तरह अपनी-अपनी जिंदगी जीते हैं। कुछ अलग-अलग घरों में रहते हैं, लेकिन जिम्मेदारियां साझा करते रहते हैं। यह तलाक से आसान और सस्ता है, क्योंकि इसमें कानूनी प्रक्रिया नहीं होती और सामाजिक सुरक्षा भी बनी रहती हैं।

### समाज में बदलाव की झलक

जापान की बुजुर्ग होती आबादी, बदलते जेंडर रोल्स और व्यक्तिगत खुशी पर बढ़ता जोर मैरिज ग्रेजुएट को धीरे-धीरे मुख्य धारा बना रहे हैं। यह सिर्फ तलाक का विकल्प नहीं, बल्कि रिश्तों को नए नज़रिए से जीने का मौका हैं। शादी से छुट्टी जापान में बुज़ुर्ग कपल्स के बीच नया ट्रेंड बन गया हैं।..शादी तो कायम रहती है, लेकिन दोनों अपने-अपने तरीके से जीवन जीते हैं, जिससे रिश्तों में और सम्मान व आज़ादी आती हैं।

### क्यों हो रहा है पॉपुलर?

जापान में लंबे समय तक शादी का मतलब था...पुरुष बाहर काम करें और महिलाएं घर संभालें, लेकिन जब पति रिटायर होते हैं, तब महिलाओं को चौबीसों घंटे उनकी देखभाल करनी पड़ती थी। इससे कई पत्नियां परेशान थीं। 200 महिलाओं पर हुए सर्वे में आधी से ज्यादा ने कहा कि, वे रिटायरमेंट के बाद शादी से छुट्टी चाहती हैं। महिलाएं चाहती हैं कि वे अधूरे सपने पूरे कर सकें, निजी समय पा सकें और लगातार घरेलू कामों से राहत मिले।

# अनोखा चोर, महीने में तीन-चार चोरी नहीं करने पर हो जाता था बीमार!


**चंदौली।** शातिर चोरों की खबरें तो आपने खूब पढ़ी, देखी और सुनी होंगी, लेकिन यूपी के चंदौली जिले में पुलिस के हत्थे चढ़े चोर की



कहानी बेहद अजब-गजब है। आरोपी चोरी का एडिक्टेड हो चुका था। महीने में अगर वह तीन से चार चोरी नहीं कर लेता तो बीमार पड़ जाता था। पुलिस ने जब चोरों के गैंग को गिरफ्तार किया तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर गिरोह को दबोचा है। जिसने 20 जून की रात मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के मढ़िया गांव में एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से 10 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं। पकड़े गए दो आरोपियों ने 40 से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। हैरानी की बात यह है कि इनमें से एक शातिर चोर उमेश यादव है, जो चोरी करने की बीमारी से ग्रसित है। महीने में अगर वह दो से तीन चोरी नहीं करता है, तो वह मानसिक रूप से बीमार हो जाता है।

# एआई की मदद से 700 किलोमीटर दूर से पकड़ा गया ट्रक-ड्राइवर, देश में ऐसा पहला मामला

नागपुर। कुछ दिन पहले नागपुर से एक दर्दनाक वीडियो सामने आया था। एक ट्रक ने तेज़ रफ्तार में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। हादसे में महिला ग्यारसी यादव की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनके पति अमित यादव इस घटना के गवाह बने। सबसे दिल दहला देने वाला दृश्य तब सामने आया जब अमित ने अपनी पत्नी के शव को मोटरसाइकिल से बांधकर घर ले गया। इस घटना ने पूरे देश को हिला दिया था।




### सुराग सिर्फ लाल पट्टियां

हादसे के बाद नागपुर पुलिस के पास आरोपी की पहचान करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं था। केवल इतना पता था कि ट्रक पर लाल रंग की पट्टियां बनी हुई थीं। यही छोटी-सी जानकारी इस केस में सबसे अहम साबित हुई।

### 700 किमी दूर से गिरफ्तारी

सूचना मिलते ही नागपुर पुलिस की एक विशेष टीम यूपी भेजी गई। वहां से पुलिस ने आरोपी ड्राइवर सत्यपाल खरीक और ट्रक को पकड़ लिया। माना जा रहा है कि यह देश का पहला मामला है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से इतनी दूर तक आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी संभव हुई।


### एआई तकनीक बनी गेम चेंजर

पुलिस ने महाराष्ट्र सरकार की मार्वल एआई कंपनी की मदद ली। इस कंपनी ने घटना स्थल और नजदीकी टोल नाकों के सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा कर एआई सिस्टम में फीड किए। कुछ ही मिनटों में सिस्टम ने एक ट्रक की पहचान कर ली, जो हादसे से मेल खा रहा था। ट्रैकिंग से पता चला कि वही ट्रक इस वक्त उत्तर प्रदेश में चल रहा हैं।

### पुलिसिंग का नया युग

नागपुर ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने कहा कि, यह मामला साबित करता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य में अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस का बड़ा हथियार बनेगा। महाराष्ट्र सरकार की मार्लव एआई कंपनी पुलिसिंग के क्षेत्र में एक नई क्रांति ला सकती हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com